दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



धन्यवाद जयपुर...



सेल्यूट जयपुर...



**सनी ने सेल्फी से संजोई यादें:** विजन विद विनायक सेशन के बाद सनी देओल ने जयपुराइट्स के साथ सेल्फी लेकर इवेंट की यादों को संजोया। साथ ही वे स्वयं इतने उत्साहित थे कि स्टेज पर कई बार अपने अंदाज में डांस करते हुए लोगों को चीयर किया। साथ ही उन्होंने स्टेज हर कोने में जाकर हाथ हिलाते हुए अभिवादन किया।

**विजन विद विनायक** गदर 2 के हीरो सनी देओल- हीरोइन अमीषा पटेल ने विनायक शर्मा के साथ किया इंटरेक्ट

# गौरव टावर पर 'बेधड़क' गदर



### विनायक शर्मा ने युवाओं में भरा जोश

स्टार कास्ट के स्टेज पर आने से पहले सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा मंच पर पहुंचे और अपने खास अंदाज से युवाओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि यूथ का जोश दिखाई दे रहा है। गदर 2 का ऐसा प्रमोशन पूरे देश में कहीं और नहीं हुआ होगा, जैसा जयपुर में आप लोगों की वजह से हो रहा है। शर्मा ने लोगों से उनकी पसंद का गाना पूछा और देश भक्ति के गानों से जोश दिला दिया।

### कार्यक्रम नहीं, राष्ट्र भक्ति का जज्बा

शर्मा ने कहा, आज जो इवेंट और आयोजन है, केवल एक फिल्म प्रमोशन नहीं है। राष्ट्र भक्ति का जज्बा है, जो हमारे दिलों में जोश जगा देता है। हमें गर्व होता है कि हम भारतीय हैं।

### हम हैंडपंप भी उखाड़ लाते हैं

इस मौके पर विनायक शर्मा ने लोगों को याद दिलाया कि जरूरत पड़ने पर हम पाकिस्तान जाकर हैंडपंप भी उखाड़ लाते हैं। ऐसे में लोगों ने उनका अभिवादन हाथ ऊपर करके किया और शर्मा को सपोर्ट किया।

### हर इंसान का परिवार उसकी जिंदगी

शर्मा ने विजन विद विनायक सेशन के दौरान सनी से जब परिवार की बात की तो एक्टर ने कहा कि तारा सिंह का परिवार उसकी जिंदगी है। हर इंसान की जिंदगी परिवार होता है। हमारा देश भी एक परिवार है। ऐसे में हर आदमी में तारा सिंह होना जरूरी है और हर लड़की में सकीना।

**बेधड़क. जयपुर।** 'हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा...।' जब दमदार आवाज में ओपन एयर स्टेज से ये डायलॉग बोला गया तो सामने खड़े हजारों लोगों ने भी एक आवाज में देश भक्ति के नारे लगाए। फिर ढाई किलो के हाथों ने सबका अभिवादन चिरपरिचत अंदाज में किया तो युवा देशभक्ति के रंग में डूबे नजर आए। ये थे बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी दओल, जो जयपुराइट्स में अपनी अपकमिंग मूवी गदर-2 के प्रमोशन के दौरान जोश भर रहे थे। गौरव टावर पर सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के विजन विद विनायक शर्मा प्रोग्राम में सनी एक्ट्रेस अमीषा पटेल के साथ ओपन एयर में आए और ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के साथ इंटरेक्ट करते हुए न केवल सवालों के जवाब दिए, बल्कि डांस कर मंच हिला दिया। अमीषा पटेल ने जाति-पाति के बंधनों से दूर प्यार और सौहार्द की बात करते हुए सनी के साथ डांस किया। सनी ने कहा कि आप सब लोगों को बहुत सारा प्यार। फिर उन्होंने नमस्कार करते हुए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर करीब 20 हजार लोगों ने विजन विद विनायक प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

### हमारे जैसा वेलकम कहीं नहीं

विनायक शर्मा ने कहा कि हमको गर्व है कि हम भारतीय हैं। जयपुर जिंदाबाद। स्वतंत्रता दिवस नजदीक है और उसी नजरिए से गेस्ट का स्वागत हमको करना है। उनको लगना चाहिए कि राजस्थान में जो वेलकम होता है, पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता।






### रब जाने कब गुजरा अमृतसर...

दोनों स्टार्स ने रब जाने कब गुजरा अमृतसर, कब जाने लाहौर आया... गाने पर जमकर डांस किया। इस मौके पर यंगेस्टर्स भी उनके साथ झूमते रहे।

### प्यार दो प्यार मिलेगा

अमीषा ने याद दिलाया कि गदर-1 में सनी ने कहा था कि एक है राम-रहीम काशी-काबा। ऐसे में शर्मा के कहने पर सनी ने कहा कि मैं इतना ही कहूंगा, कि हम सब एक हैं। हमारे दिलों में नफरत नहीं होनी चाहिए। प्यार दो प्यार मिलेगा।



### प्यार में भेद-भाव नहीं

अमीषा से विनायक शर्मा ने कहा कि 22 साल बाद पाकिस्तान से आकर कैसा लग रहा है? तो सकीना के गेटअप में स्टेज पर आई एक्ट्रेस रोमांचित हो उठी। उन्होंने जोश के साथ भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि प्यार के बंधन में कोई भेद-भाव नहीं होना चाहिए। तारा हिंदू है और सकीना मुस्लिम है, फिर भी हम कितना प्यार करते हैं और कितने खुश हैं। ये ही एक मैसेज है, जो देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तारा के साथ सकीना हमेशा है।







**छतों-खिड़कियों पर टके रहे फेंस:** कई घंटे चले प्रोग्राम में लोग मॉल्स की छतों, खिड़कियों और बालकनी पर टिके रहे। चारों और भवनों पर लोग चढ़े रहे और अपने फेवरेट एक्टर की झलक पाने को आतुर रहे।

**हिंदुस्तान जिंदाबाद के पोस्टर लहराए:** युवा प्रोग्राम में हिंदुस्तां जिंदाबाद के पोस्टर लेकर पहुंचे। उन्होंने जय श्रीराम के नारे लगाए और एंकर के कहने पर हाथों-हाथ सच बेधड़क एप डाउनलोड किया।

फोटो: राजेश कुमावत/पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### बैठक में योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा



**जयपुर।** अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ मंत्री सालेह मोहम्मद ने गुरुवार को सचिवालय में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री मदरसा आधुनिकीकरण योजना, अल्पसंख्यक आवासीय स्कूल, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, छात्रवृति, वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र विकास योजना, प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्री कार्यक्रम सहित अन्य तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस दौरान अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशक जमील अहमद कुरैशी, मदरसा बोर्ड के सचिव सैय्यद मुक्करम शाह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### भू-जल वैज्ञानिक संवीक्षा परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक संवीक्षा परीक्षा-2022 का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा में 24 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए पिछले साल 1 अगस्त को संवीक्षा परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके अन्तर्गत पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची 14 मार्च 2023 को जारी की गई थी।

### स्थायीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयपुर।** प्रदेश के पर्यटक स्थानों के सरकारी गाइड स्थायीकरण की मांग को लेकर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। टूरिस्ट गाइडों ने गुरुवार को खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को स्थायीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। टूरिस्ट गाइड विजय सिंह शेखावत ने बताया कि प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर से लेकर सभी मंत्री और सांसद को ज्ञापन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चयनित सरकारी गाइड परीक्षा पास करने एवं सभी तरह की ट्रेनिंग होने के बावजूद सरकारी पद नहीं मिलने से निराश हैं।

---

भीलवाड़ा में नाबालिग को गैंगरेप के बाद जिंदा जलाने के मामले में भाजपा ने मांगा मुख्यमंत्री का इस्तीफा

# आंकड़ों की आड़ में कब तक ऐसी घटनाएं छिपाएंगे: वसुंधरा

■ कांग्रेस ने केंद्र से की सख्त कानून बनाने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी गांव में एक नाबालिग को कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने का मामला सामने आने के बाद फिर से सियासत शुरू हो गई है। मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने एक-दूसरे पर जुबानी हमलावर बोलना शुरू कर दिया है। भाजपा बढ़ते अपराध और महिला अत्याचारों को लेकर लगातार कांग्रेस को घेर रही है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने भी केंद्र सरकार को घेरते हुए इस तरह की घटनाओं को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग की है।



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा है कि भीलवाड़ा में एक मासूम बच्ची के साथ गैंगरेप और भट्टी में जिंदा जला देने की घटना ने फिर सिद्ध कर दिया है कि राजस्थान महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है। वह प्रदेश जहां हमारी पिछली भाजपा सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया था।

कई दुष्कर्मियों को फांसी की सजा भी सुनाई गई थी। राजे ने कहा कि सीएम गहलोत आंकड़ों की आड़ में कब तक ऐसी घटनाओं को छिपाते रहेंगे? उन्हें नैतिकता निभाते हुए बहन-बेटियों की अस्मत बचाते हुए न्याय दिलाना चाहिए।

### भाजपा ने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी: जोशी

भीलवाड़ा मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जो सरकार बच्चियों और नारी की सुरक्षा नहीं कर सकती है, वो भला आमजन की सुरक्षा कैसे करेगी? उन्होंने कहा कि जब सीएम से गृह मंत्रालय नहीं संभल रहा है तो कुर्सी से क्यों चिपके हैं। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। इतना ही नहीं भाजपा ने इस मामले में प्रदेश स्तरीय तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर सदस्यों को मौके पर भेजा है।



### बेटियों के लिए बढ़ी चिंता

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ट्वीट किया कि भीलवाड़ा में बालिका के अवशेष भट्टी से प्राप्त होना बेटियों की सुरक्षा के लिए चिंतित प्रदेशवासियों का दर्द और बढ़ाने वाली वारदात है। पुलिस प्रशासन के प्रति जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है और गहलोत सरकार केवल आंकड़े कम दिखाने की जुगत में लगी है। दुष्कर्मी मान चुके हैं उन्हें रोकने वाला कोई नहीं।

### हत्यारों को हो फांसी की सजा

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि इस तरह की घटना दुखद है। हत्यारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। उन्होंने ने परिवार को मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपए राज्य सरकार की तरफ से, 2.50 लाख रुपए प्रधानमंत्री आवास व 2.50 लाख रुपए खुद सहायता के रूप में देने की बात कही।

### घटना सरकार के माथे पर कलंक: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गुरुवार को ट्वीट किया किया कि लोमहर्षक घटना सरकार के माथे पर कलंक है। गहलोत के जंगलराज की दास्तां देखिए, जब बच्ची का पिता एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचता है तो इस पुलिस कई घंटों तक एफआईआर नहीं लिखती। मैंने स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया है।



---

मुख्यमंत्री ने RSS-BJP पर डॉक्टरों को भड़काने का लगाया आरोप

# CM गहलोत ने डॉक्टरों से कहा ईश्वर का रूप हो, वही बने रहो

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अंगदान से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। वर्तमान समय में आवश्यकता के मुकाबले बहुत कम संख्या में अंगदान हो रहा है। इसलिए समाज को अंगदान के लिए आगे बढ़कर संकल्प लेना चाहिए। गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर अंगदान महाअभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आरएसएस और भाजपा पर डॉक्टरों को भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा, आप भगवान हो, बस एक ही बात का ध्यान रखें, बस हड़ताल मत करो। हड़ताल के अलावा कुछ भी कर लीजिए। सीएम हाउस पर धरना दे दीजिए, काली पट्टी बांध लो, हम समझ जाएंगे। हड़ताल करने से मरीजों को कितनी दिक्कत होती है। आरएसएस, बीजेपी अपनी जगह है। मैं आरएसएस-बीजेपी बैकग्राउंड के डॉक्टरों से अपील करना चाहता हूं कि आप भड़काने का काम नहीं करें, वहां पर आप ईश्वर का रूप ही रहो।



### अंगदान से बचाया जा सकेगा लोगों का कीमती जीवन

मुख्यमंत्री अंगदान महाअभियान के शुभारंभ समारोह में कहा कि अंगदान के लिए सकारात्मक माहौल बनने से लोगों की कीमती जिंदगियां बचाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिरंजीवी योजना के तहत अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे इलाज को भी निःशुल्क कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 771 करोड़ रुपए की लागत के 249 कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया, साथ ही मुख्यमंत्री ने दस चिरंजीवी 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस एवं 25 मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में है। स्वास्थ्य का अधिकार कानून लागू करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य में 30 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

### आर्थिक वृद्धि दर में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि दर में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है और बीते चार साल में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में छह लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। गहलोत ने गुरुवार को नेशनल हैंडलूम वीक-2023' के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा कि कोरोना महामारी तथा विषम आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य की आर्थिक वृद्धि दर 11.04 प्रतिशत के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में राज्य के जीडीपी में छह लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। राज्य सरकार के उत्कृष्ट आर्थिक प्रबंधन का ही परिणाम है कि राज्य की कुल जीडीपी जल्द 15 लाख करोड़ रुपए होगी। गहलोत ने कहा कि राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हो रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### हस्तशिल्प नीति से सृजित होंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेशनल हैंडलूम वीक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार हथकरघा कारीगरों की आमदनी बढ़ाने तथा उनके उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र के उत्पादों और उनसे जुड़े दस्तकारों के उत्थान के लिए राजस्थान की पहली हस्तशिल्प नीति-2022 जारी की गई है। इस नीति से राज्य में हैंडलूम क्षेत्र में लगभग 50 हजार रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में औद्योगिक विकास, अधिक निवेश और रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेहतरीन काम किया है।

---

दिल्ली में यूपीएससी की बैठक

# आठ RPS को IPS के पद पर किया पदोन्नत

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस के 8 सीनियर एडिशनल एसपी को आईपीएस के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को दिल्ली में यूपीएससी की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश से बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, डीजीपी उमेश मिश्रा व एसीएस होम आनंद शर्मा शामिल हुए। जिसमें आठ आरपीएस को आईपीएस में में प्रमोट करने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठता के आधार गृह विभाग ने प्रस्ताव बनाकर कार्मिक विभाग को भेजा था। जिसके बाद राजस्थान कार्मिक विभाग की ओर से वैकेंसी का तीन गुणा प्रस्ताव बनाकर यूपीएससी को सौंपा गया था। पदोन्नति के मामले में अब जल्द नोटिफिकेशन जारी होगा।

### इनका हुआ प्रमोशन

बैठक में आरपीएस कृष्ण चंद यादव, लक्ष्मण दास स्वामी, राजेश कुमार यादव, हनुमान प्रसाद मीणा, राजेश कुमार कांवट, नरेन्द्र सिंह मीणा, राजेन्द्र मीणा व रमेश मौर्य को आईपीएस के पद पर पदोन्नत किया गया।

# राज. पर्यटन विभाग की फिल्मों की लॉन्चिंग आज

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रभावी ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए पर्यटन विभाग ने प्रमोशनल फिल्मों का निर्माण करवाया है। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में शुक्रवार शाम 4 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रमोशनल फिल्मों की लॉन्चिंग करेंगे। वहीं शाम 7:30 बजे जयपुर स्थित जेईसीसी के एक्जीबिशन हॉल में म्यूजिकल कन्सर्ट होगा जिसमें फरहान अख्तर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह, पर्यटन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा, राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़, मुख्य सचिव उषा शर्मा, पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ सहित जन प्रतिनिधि, ट्रेवल व्यवसाय के प्रतिनिधि, पर्यटन संगठनों के पदाधिकारियों एवं उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

---

पीएम स्वनिधि योजना पर कार्यशाला का आयोजन

# स्ट्रीट वेंडर्स को लोन का वितरण

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर में गुरुवार को पीएम स्वनिधि योजना पर बैंक और स्ट्रीट वेंडर्स की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी ने 45 स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना में 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार का लोन दिया गया। पीएम स्वनिधि योजना में नियमित किश्त चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स और नियमित रूप से डिजिटल लेन-देन करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया और अमेरिकन इंडियन इंस्टीट्यूट एनजीओ को सम्मानित किया गया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में सुगम रूप से आवेदन और प्रक्रिया के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही महापौर डॉ. सौम्या ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की अपील की। उन्होंने सभी स्ट्रीट वेंडर्स को सख्त लहजे में कहा कि कचरा फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### चुनाव की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन

**जयपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आमेर की पहली बैठक का आयोजन गुरुवार को पीसीसी महासचिव आमेर एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त सहदेव शर्मा और कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में हुआ। शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक के दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया।

---

सुधरेगी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति और सड़कों का होगा निर्माण

# आरआईडीएफ के तहत नाबार्ड ने मंजूर किए 1974.07 करोड़

**बेधड़क** | जयपुर

नाबार्ड ने वर्ष 2023-24 के दौरान ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत राजस्थान सरकार को 1,974.07 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। नाबार्ड, राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने कहा कि अजमेर, जालोर और कोटा जिलों में तीन ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के लिए 930.44 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, राज्य के रेगिस्तानी और आदिवासी क्षेत्रों में 676 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 926.48 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। इससे पहले राजस्थान के सभी जिलों में 104 पशु चिकित्सालयों और 431 उपकेंद्रों के निर्माण के लिए 117.15 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे।

सिवाच ने बताया कि पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं से 2,500 गांवों के 2.87 लाख घरों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की उम्मीद है, जबकि ग्रामीण सड़क परियोजनाओं से 12 जिलों के 1,229 गांवों के निवासियों के लिए ग्रामीण संपर्क में सुधार होगा। नाबार्ड सूक्ष्म सिंचाई निधि से 740 करोड़ रुपए के सहयोग से 4.28 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के तहत लाने में सरकार की सहायता कर रहा है। नाबार्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट असिस्टेंट के तहत 623.38 करोड़ रुपए के सहयोग से कोटा और बूंदी में 450 किमी लंबी मिट्टी की नहरों की लाइनिंग का कार्य चल रहा है।

---

गैस आधारित उद्योगों के लाभ और अवसरों पर चर्चा

# ऑनशोर क्रूड ऑयल उत्पादन में देश में पहले स्थान पर पहुंचा राजस्थान

■ कॉर्पोरेट इन्वेस्टमेंट में अग्रणी बना प्रदेश: रावत

**बेधड़क** | जयपुर

ऑनशोर क्रूड ऑयल उत्पादन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर हैं और ऑनशोर प्राकृतिक गैस उत्पादन में अग्रणी राज्य है। प्रदेश में जहां सौर ऊर्जा उत्पादन का पोटेंशियल 142 गीगावाट आंका गया है, वहीं पवन ऊर्जा में पोटेंशियल 127 गीगावाट से अधिक है।

यह जानकारी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने गुरुवार को दी। जयपुर में आईटीसी राजपूताना में रीको और फिक्की की ओर से राजस्थान में गैस आधारित उद्योगों के लाभ और अवसरों पर आयोजित कॉन्फ्रेंस मंत्री रावत ने कहा कि हमार प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हैं और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के साथ अक्षय ऊर्जा दोनों ही तरह के ऊर्जा क्षेत्रों में प्रमुख स्थान रखता है। इस सरकार का वर्तमान कार्यकाल राजस्थान में उद्योगों और निवेश के लिए स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। सरकार की नीतियों से राजस्थान कॉर्पोरेट इन्वेस्टमेंट में देशभर में दूसरे स्थान पर है। पचपदरा में पेट्रोलियम रिफाइनरी को लेकर रावत ने कहा कि इस रिफाइनरी के उत्पादों का वेल्यू एडिशन राज्य में ही हो सके, इसके लिए रिफाइनरी के नजदीक राजस्थान पेट्रो जोन बनाया गया है। रिफाइनरी और राजस्थान पेट्रो जोन से न केवल औद्योगिक निवेश बढ़ेगा, बल्कि विशेषकर पश्चिमी राजस्थान में वाणिज्यिक, शैक्षणिक और सामाजिक आधारभूत सुविधाओं में निवेश बेहतर होगा।




### जीआईजीएल करेगा 3,300 करोड़ का निवेश

रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि रीको के पास वर्तमान में 408 औद्योगिक क्षेत्र हैं, जो राज्य की लंबाई और चौड़ाई में 50 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर विकसित हैं। उन्होंने कहा कि रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में अब तक करीब 43 हजार यूनिट्स उत्पादन में हैं। जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश कार्णिक ने बताया कि जीआईजीएल राज्य में पाइपलाइन इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3,300 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रहा है। गैस ग्रिड 11 से अधिक जिलों में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। गेल (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, सुमित किशोर ने बताया कि कैसे यूएस और चीन के बाद भारत प्राइमरी एनर्जी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और राजस्थान कैसे ऊर्जा क्षेत्र की भारी मांग में योगदान देगा। इस दौरान फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन रणधीर विक्रम सिंह, अजय सिंघा भी मौजूद रहे।

### प्राकृतिक गैस भंडार में दूसरे स्थान पर प्रदेश का नाम

अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य तथा खान एवं पेट्रोलियम वीनू गुप्ता ने कहा राजस्थान में 80 प्रकार के मिनरल्स हैं। इसलिए राजस्थान भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर्स में अग्रणी बन गया है। राजस्थान प्राकृतिक गैस भंडार के मामले में दूसरे स्थान पर है। राजस्थान में प्रचुर मात्रा में सिलिका सैंड और क्ले के संसाधनों को देखते हुए राज्य में इसकी अपार संभावनाएं हैं। एसीएस ने विभिन्न उद्योगों और निवेशकों, विशेषकर मोरबी और फिरोजाबाद के निवेशकों से राजस्थान में निवेश करने का भी आग्रह किया। इन्वेस्ट राजस्थान समिट को लेकर कहा कि इस दौरान हुए 4 हजार एमओयू और एलओआई में से 50 प्रतिशत से अधिक पहले ही शुरू हो चुके हैं या शुरू होने की प्रक्रिया में हैं।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्षः 2 | अंकः 235 | जयपुर, शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### कांस्टेबल के 3,578 पदों के लिए 7 से होंगे आवेदन



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिला यूनिट व बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, कांस्टेबल चालक, कांस्टेबल बैंड, कांस्टेबल माउंटेड व पुलिस दूरसंचार के 3578 रिक्त पदों भर्ती होगी। अभ्यर्थी 7 से 27 अगस्त तक एसएसओ आईडी से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडीजी पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया कि आवेदन पत्र राज कॉम इंफोसर्विस लिमिटेड द्वारा संचालित समस्त ईमित्र कियोस्क, जन सुविधा केंद्र और विभाग की वेबसाइट http://recruitment2.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।

### सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट के आयात पर लगाया 'अंकुश'

**नई दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यूएसएफएफ) कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर 'अंकुश' लगा दिया है। आयात अंकुश तत्काल प्रभाव से लागू है। किसी उत्पाद के आयात को अंकुश की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि शोध एवं विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग, मूल्यांकन, मरम्मत तथा उत्पाद विकास के उद्देश्य से प्रति खेप अब 20 वस्तुओं तक आयात लाइसेंस की छूट रहेगी।

**भीलवाड़ा में वीभत्स वारदात:** भट्टी में बालिका हुई राख... हड्डियां और चांदी के कड़े से पहचाना

# बकरियां चराने गई बालिका को भट्टी में जलाया... गैंगरेप!

**बेधड़क** | जयपुर/भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के कोटडी के गांव नरसिंहपुरा में एक तेरह वर्षीय बालिका को कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने जलती हुई भट्टी में उसका चांदी का कड़ा देख कर उसकी शिनाख्त की और गैंगरेप का आरोप लगाया।

घटना के बाद से ही पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। मामले में पुलिस ने चार-पांच लोगों को हिरासत में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर कोटड़ी तहसील के नरसिंहपुरा गांव में एक तेरह वर्षीय नाबालिग बकरियां चराने खेत में गई थी। शाम को वापस जब घर नहीं लौटी तो पास में रहने वाले गाडोलिया लोहार बालिका के घर पहुंचे। उन्होंने नाबालिग की मां से बालिका के बारे में पूछा। बालिका के वापस नहीं आने पर घबराए परिजन उसकी तलाश में जुट गए।



### भट्टी में से बदबू आने पर देखा तो हुआ खुलासा

खोजबीन के दौरान देर शाम नाबालिग के परिजन उस खेत पर पहुंचे, जहां मासूम बालिका खेत पर बकरियां चराने गई थी। उस खेत के पास कोयले की पांच भट्टियां हैं। उनमें से एक भट्टी में से अजीब-सी जलने की बदबू आने पर उस भट्टी में देखने पर मां सहित परिजनों को मासूम बच्ची का चांदी का कड़ा मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी बालिका को गैंगरेप के बाद कोयले जलाने की भट्टी में डालकर जला दिया गया। परिजनों को वहां बालिका की चप्पल और जली हुई हड्डियां भी मिलीं।

### FSL और डॉग स्क्वॉड जुटे जांच में

पुलिस के अनुसार परिजनों ने गैंगरेप का भी आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मौके पर पुलिस के उच्च अधिकारी भी पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच और साक्ष्यों को इकट्ठा करने के लिए एमओबी, एफएसएल, डॉग स्क्वॉड की टीमों को बुलाया गया।

### बाल आयोग ने बनाई तीन सदस्यीय जांच कमेटी

कोटड़ी क्षेत्र में हुई घटना के संबंध में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ने मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है।

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नाबालिग को कोयले की भट्टी में जलाने की सूचना पर ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने रोष जताया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। मामला बढ़ता देख अजमेर रेंज की आईजी लता मनोज कुमार ने जाब्ता मंगा मौके पर तैनात कर दिया। पुलिस समझाइश के बाद ग्रामीणों को मुआवजा राशि और जल्द आरोपियों पर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**बेबाकी से बोले मुख्यमंत्री गहलोत... साधा पीएम मोदी पर निशाना**

# राजस्थान को बदनाम कर रहे हैं मोदी, यूपी पर क्यों नहीं बोलते!

- गजेंद्र शेखावत आरोपी, कभी नहीं बन सकते मुख्यमंत्री
- वसुंधरा ने नहीं बचाई सरकार, बताया था इसे गलत परंपरा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे राजस्थान को बदनाम कर रहे हैं। अपराध हर राज्य में होते है। मोदी यूपी और मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में हो रहे अपराधों पर क्यों नहीं बोलते हैं? मुख्यमंत्री आवास पर मीडिया से गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री की भाषा को देखते हुए मुझे लगता है कि वे घबरा गए हैं। मणिपुर से राजस्थान व छत्तीसगढ़ को जोड़ने का क्या तुक है? आप हमारे प्रदेश को बदनाम कर रहे हैं। गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संजीवनी चिटफंड घोटाले मामले में अभियुक्त हैं। मैं गृहमंत्री भी हूं, एसओजी में भी यह मामला दर्ज है। उनके पिता और साले पर भी केस दर्ज है। क्या वे सीएम के लायक हैं? भाजपा हाईकमान उन्हें सीएम का चेहरा नहीं बना सकते। वसुंधरा राजे दो बार सीएम रही हैं, लेकिन वे उन्हें आगे नहीं ला रहे हैं। हम संजीवनी मामले की जांच ईडी को देना चाहते हैं, लेकिन ईडी क्यों इसकी जांच अपने हाथों में नहीं लेना चाहती।



### बेशर्म लोग पांव में चोट पर भी कर रहे उल्टे-सीधे कमेंट

गहलोत ने कहा कि मेरे पांव में चोट लगी है। भाजपा के सीएम भैरोंसिंह शेखावत को जब क्लीवलैंड इलाज के लिए लेकर गए थे। तब उनके कुछ साथियों ने ही सरकार गिराने की कोशिश की थी। मुझे भी मदद के लिए कहा, लेकिन मैंने इनकार किया। हमने उनकी सरकार को डिस्टर्ब नहीं किया। लेकिन, ये बेशर्म लोग मेरे पांव में चोट लगी है, फिर भी यह उल्टे-सीधे कमेंट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे ने मेरी सरकार नहीं बचाई है। उन्होंने तो केवल लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को गिराने की परंपरा को गलत बताया था।

### हरियाणा का सहयोग नहीं

गहलोत ने कहा कि हरियाणा पुलिस नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने में राजस्थान पुलिस का सहयोग नहीं कर रही और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अपने राज्य में हो रही हिंसा से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सहयोग का बयान दे रहे हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब हमारी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने गई तो हरियाणा पुलिस ने उल्टे राजस्थान पुलिस के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### इन्हें नहीं देना पड़ेगा चिरंजीवी योजना का प्रीमियम

गहलोत ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत निशुल्क पंजीकरण का दायरा बढ़ाकर सभी ई.डब्ल्यू.एस. तक करने की घोषणा की। अब सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित सभी वर्गों के 8 लाख से कम आय वालों की प्रीमियम सरकार देगी।

### मुख्यमंत्री पद छोड़ने के सोचता हूं, लेकिन पद मुझे नहीं छोड़ रहा

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि वह कई बार मुख्यमंत्री पद छोड़ने की सोचते हैं, लेकिन यह पद उन्हें नहीं छोड़ रहा। अब आगे देखते हैं क्या होता है। यह बात उन्होंने तब कही जब वीडियो कॉन्फ्रेंस से एक महिला ने अपने सफल इलाज के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि वह चाहती है कि गहलोत ही आगे मुख्यमंत्री बने रहें। इस पर गहलोत ने मुस्कुराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद जो है ना, मैं कई बार सोचता हूं छोड़ने की, पर यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा।

**पॉक्सो मामले में जांच... सरकारी शिकंजा!**

# जोधपुर पुलिस की टीम पहुंची गुढ़ा के सरकारी आवास पर

**बेधड़क** | जयपुर/जोधपुर/झुंझुनूं

जोधपुर के पीपाड़ थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में जोधपुर पुलिस की टीम गुरुवार को प्रदेश के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के सरकारी आवास पर पहुंची। हालांकि, जिस समय यह टीम गुढ़ा के निवास पर पहुंच तब वे वहां नहीं थे। जोधपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) धर्मेंद्र यादव ने जोधपुर में बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने पर पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने एक लड़की को 26 जुलाई को बीकानेर के दो आरोपियों के साथ हरियाणा के अंबाला से दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह पता चला कि राजेंद्र गुढ़ा के आधिकारिक आवास का एक गार्ड रूम या रेस्ट रूम में उस लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया था।

हमारी टीम घटनास्थल की पुष्टि करने के लिए आरोपी को लेकर जयपुर गई थी। जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपी गुढ़ा के परिचित नहीं हैं। संभवतः आरोपी वहां काम करने वाले किसी व्यक्ति के माध्यम से आवास पर गया था।



### मेरे पीछे लगाया एजेंसियों को: गुढ़ा

उदयपुरवाटी में गुढ़ा ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का अरोप लगाती है, लेकिन वे कहना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत भी ऐसा ही कर रहे हैं। उनके पीछे एजेंसियों को लगा रखा है। हाल ही में एक मुकदमा दर्ज किया गया। उनके बंगले पर पुलिस भेजी, लेकिन वह बंगला तो वे छह महीने पहले खाली कर चुके हैं। कभी कभार जाते हैं। मैं न्याय की लड़ाई में किसी भी जांच को तैयार हूं। जिस मामले में वे परिवादी और आरोपी को जानते तक नहीं, उसमें उनका नाम डाला जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री की तुलना धृतराष्ट्र से करते हुए कहा कि वे पुत्र मोह में फंसे हुए हैं और यह गुस्से में कर रहे हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**नए जिलों के प्रारूप की अधिसूचना पर लग सकती मुहर**

## गहलोत कैबिनेट की आज होगी बैठक

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री निवास पर सीएम की अध्यक्षता में बैठक दोपहर 12 बजे से होगी।

इस बैठक में नए जिलों के प्रारूप की अधिसूचना पर मुहर लग सकती है। साथ ही, बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी खुद मुख्यमंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:00 बजे सीएम गहलोत कॉन्फ्रेंस करेंगे और पूरे मामले की जानकारी देंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद नए जिलों के प्रारूप को लेकर जो खाका तैयार हुआ है, उसकी अधिसूचना जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत घोषणा कर सकते हैं और इसके बाद प्रदेश में नए जिले प्रशासनिक दृष्टि से कामकाज के लिए अस्तित्व में आ सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश में 19 नए जिलों की घोषणा के बाद लंबे समय से अधिसूचना जारी होने का इंतजार है।

## ब्रिटेन: PM के घर को काले कपड़े से ढका

**एजेंसी** | लंदन

उत्तरी इंग्लैंड में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के घर को काले कपड़े से ढकने के आरोप में गुरुवार को ग्रीनपीस के चार प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शनकारियों ने उत्तरी सागर तेल और गैस ड्रिलिंग के विस्तार के लिए सुनक के हालिया समर्थन के विरोध में यह कदम उठाया। ग्रीनपीस कार्यकर्ता उत्तरी यॉर्कशायर के रिचमंड में सुनक के घर की छत पर चढ़ गये और उसे काले कपड़े से ढक दिया। स्थानीय उत्तरी यॉर्कशायर पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके अधिकारियों ने किर्बी सिगस्टन में प्रधानमंत्री के घर पर हुई कार्रवाई का जवाब दिया था। पुलिस ने कहा, 'अधिकारियों ने क्षेत्र को नियंत्रित कर लिया है। प्रधानमंत्री और उनका परिवार घर पर नहीं है।' पुलिस ने गुरुवार दोपहर को गिरफ्तारी की पुष्टि की जब चार प्रदर्शनकारी अंततः लगभग तीन घंटे के बाद छत से नीचे उतरे और उन्हें पुलिस वैन से ले जाते देखा गया। सुनक, पत्नी अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा तथा अनुष्का के साथ, वर्तमान में एक सप्ताह की छुट्टी पर हैं।




उपप्रधानमंत्री डाउडेन ने को बताया कि उन्हें लगता है कि ब्रिटिश लोग ऐसे मूर्खतापूर्ण कृत्यों से तंग आ चुके हैं।

**मंदिर, मस्जिद या बौद्ध मठ!**

# ज्ञानवापी: हाई कोर्ट ने दी सर्वेक्षण की अनुमति... मुस्लिम पक्ष पहुंचा SC

- अंजुमन इंतेजामिया कमेटी फैसले के विरुद्ध पहुंची उच्चतम न्यायालय
- जिलाधिकारी ने बताया, आज से सर्वे होगा शुरू
- बौद्ध धर्म गुरु ने ज्ञानवापी के बौद्ध मठ होने का किया दावा

**एजेंसी** | प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने वाराणसी की जिला अदालत के 21 जुलाई के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। कमेटी ने अब हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उधर, कोर्ट के निर्णय के बाद वाराणसी के जिलाधिकारी ने बताया कि एएसआई शुक्रवार से ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण का काम शुरू करेगा। उसने सर्वे कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा है, जो उसे उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीच, इस मामले में नया ट्विस्ट तब आ गया जब एक बौद्ध धर्म गुरु ने ज्ञानवापी में स्वास्तिक चिह्न के आधार पर बौद्ध मठ होने का दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।



### यह कहा उच्च न्यायालय ने

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सर्वेक्षण का आदेश पारित करते हुए कहा कि ASI के इस आश्वासन पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं होगा, साथ ही कहा कि सर्वेक्षण के लिए किसी तरह की खुदाई नहीं का जानी चाहिए। विवादित परिसर के सर्वेक्षण को लेकर जिला अदालत का आदेश उचित है और इस अदालत द्वारा किसी तरह का हस्तक्षेप वांछित नहीं है। यह निर्णय आने के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी है।

### यह मंदिर या मस्जिद नहीं... बौद्ध मठ है!

इस मामले में एक नया मोड़ गुरुवार को तब आ गया जब बौद्ध धर्म गुरु ने शीर्ष कोर्ट में रिट दायर कर कहा कि ज्ञानवापी मंदिर या मस्जिद नहीं, बल्कि बौद्ध मठ है। बौद्ध धर्म गुरु सुमित रतन भंते ने कहा, देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जो बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए। ज्ञानवापी में पाए गए त्रिशूल और स्वस्तिक चिह्न बौद्ध धर्म के हैं। केदारनाथ या ज्ञानवापी में जिसे ज्योतिर्लिंग बताया जा रहा है, वह बौद्ध धर्म के स्तूप हैं।

### मुस्लिम पक्ष पहुंचा शीर्ष कोर्ट

अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वेक्षण की अनुमति देने संबंधी हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ गुरुवार को तुरंत सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अधिवक्ता निजाम पाशा ने तत्काल सुनवाई के लिए सीजेआई चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए कहा, 'हाई कोर्ट ने एक आदेश पारित किया है। हमने एसएलपी दायर की है। मैंने एक ईमेल भेजा है। उन्हें सर्वेक्षण की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ानी चाहिए।' इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं तुरंत ईमेल देखूंगा।' इधर, हिंदू पक्ष के एक पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट भी दायर की है जिसमें कहा गया है कि इस मामले में उन्हें सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए।

## जरूरी खबर

### कोटा में नीट के स्टूडेंट ने की आत्महत्या



**कोटा।** कोचिंग सिटी कोटा से फिर एक बार मनहूस खबर आई। यहां नीट की तैयारी कर रहे एक और कोचिंग छात्र ने सुसाइड कर लिया। पुलिस को छात्र का मुंह पॉलीथिन बंधा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों को सूचित कर घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार छात्र मनजोत छाबड़ा (17) यूपी के रामपुर का रहने वाला था। वह 2 माह पहले नीट की तैयारी करने के लिए आया था। वह विज्ञान नगर स्थित एक हॉस्टल में रह रहा था। बुधवार शाम वह कोचिंग क्लास लेकर अपने रूम में ही था। गुरुवार सुबह दोस्तों का कॉल रिसीव नहीं किया तो वे रूम पर पहुंचे तब घटना का पता चला।

### FB फ्रेंड ने युवती को रेस्टोरेंट में बुला कर लूटी अस्मत

**अजमेर।** जिले में एक युवती को फेसबुक फ्रेंड ने रेस्टोरेंट में बुलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का वादा किया। बाद में आरोपी युवक उसका देहशोषण करता रहा। अलग-अलग कारण बताकर आरोपी ने पीड़िता से रुपए भी ऐंठ लिए। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी युवक ने उसके साथ मारपीट की और फरार हो गया। धोखे का पता चलने पर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है।

### बैठक में शहरी ओलम्पिक की तैयारियों पर चर्चा



**शिवगंज।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से की गई बजट घोषणा के तहत शहरी ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन 5 अगस्त से शुरू होगा। इसको लेकर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में नगरपालिका सभा भवन में गुरुवार को पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। इसमें उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि खेलों में भाग लेने के लिए नगरपालिका क्षेत्र से कुल 5849 खिलाड़ियों ने पंजीयन करवाया गया है। इसमें 671 टीमों का गठन किया है।

---

**पुरुषोत्तम मास महोत्सव प्रारंभ:** महाराष्ट्र के पंढ़रपुर से आए भगवान श्री वेंकटेश का विग्रह कथा स्थल पहुंचा

# गोविंदा, वेंकटरमणा गोविंदा... की धुन से गूंजा तिरुपति धाम

**बेधड़क** | कोटा

कोरलागुंठा रोड पर श्री कन्वेंशन सेंटर में विश्वशांति व जनकल्याण के उद्देश्य से सात दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव की शुरुआत गुरुवार से हुई। इसमें श्रीमहालक्ष्मी महायज्ञ के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा भी हो रही है। इसके अलावा 108 विद्वानों की ओर से श्रीमद् भागवत का मूल पाठ किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ सुबह करीब 9:30 बजे तिरुपति स्थित सीताराम तुलसी मण्डपम् से श्री कन्वेंशन सेंटर तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यजमानों ने श्रीमद् भागवत पुराण को सिर पर धारण किया।



शोभायात्रा में महिलाएं व पुरुष पारंपिक वस्त्रों को धारण भजनों की धुन पर झूमते चल रहे थे। इस दौरान समूचा तिरुपति धाम गोविंदा गोविंदा, वेंकटरमणा गोविंदा... के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्री झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज भी रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा में 551 महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं।

### अर्णिमंथन से यज्ञ में अग्नि प्रज्वलित

विश्वशांति व जनकल्याण के लिए तिरुपति में आयोजित पुरुषोत्तम मास महोत्सव के तहत श्रीमहालक्ष्मी महायज्ञ सुबह सभी यजमानों को दशविधि स्नान कराकर शुद्धिकरण के बाद विधिवत पूजन कराया गया। झालरिया पीठाधिपति रामानुजाचार्य स्वामी, घनश्यामाचार्य महाराज के सान्निध्य में श्रीमहालक्ष्मी महायज्ञ में मुख्य यजमानों ने सपत्नीक वैदिक मंत्रों से अर्णिमंथन किया। अर्णिमंथन से यज्ञ कुंड में अग्नि प्रज्वलित की गई। मंत्रोच्चारण से पूरा मंडप गुंजायमान हो उठा। अर्णिमंथन से प्रज्वलित इस अग्नि को 225 कुण्डों में प्रतिष्ठापित कर सात दिवसीय श्रीमहालक्ष्मी महायज्ञ की शुरुआत की गई।वहीं श्रीमद् भागवत कथा में प्रथम दिन भागवत महात्म्य की कथा हुई।

### दक्षिण शैली का दिखा नजारा

श्री झालरिया पीठ डीडवाना के पुरुषोत्तम मास महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित विशाल शोभायात्रा में दक्षिण भारतीय शैली का नजारा देखने को मिला। शोभायात्रा का नजारा देखते ही बन रहा था। कई भक्तों ने तो दक्षिण भारतीय शैली के वस्त्र धारण किए थे। महाराष्ट्र के बाल कलाकार मंजीरों व ढोल की थाप पर झांझ नृत्य करते चल रहे थे। बैंडवादकों ने भक्ति धुनों से माहौल को गुंजायमान कर दिया।

### श्रीमद् भागवत भगवान का वागंम्य स्वरूप

शोभयात्रा के बाद शाम 4 बजे जालना से आए आचार्य सत्यनारायण व्यास महाराज ने व्यास पीठ पर विराजमान होकर भक्ति, ज्ञान व वैराग्यरूपी श्रीमद् भागवत कथामृत की त्रिवेणी प्रवाहित की। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महर्षि वेदव्यास द्वारा विरचित है। इसमें भगवान के भक्तों का निर्मल यश चरित्र है, इसलिए इसका नाम श्रीमद् भागवत है। इसके श्रवण से त्रयताप नष्ट होते हैं। श्रीमद् भागवत भगवान का वागंम्य स्वरुप है। अन्य अवतारों में भगवान समय पूरा होने पर क्षीरसागर लौट जाते हैं, लेकिन कृष्णावतार में लीला संवरण के समय खुद को श्रीमद्भागवत में नित्य स्थापित कर लेते हैं। इसलिए इसका प्रत्येक शब्द भगवान श्रीकृष्ण का ही विग्रह है।

---

**चलती बाइक से गिराकर दिया** वारदात को अंजाम

# बदमाशों ने फायर कर AU बैंक ब्रांच मैनेजर से लूटे 5.50 लाख

**बेधड़क** | अलवर

जिले के थानागाजी में बदमाशों ने दिनदहाड़े एयू बैंक के ब्रांच मैनेजर की बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर हथियार के दम पर 5.50 लाख रुपए लूट ले गए। वारदात में ब्रांच मैनेजर के सड़क पर गिरने से चोटें भी लगी। बदमाशों ने लूटते समय हवाई फायर कर दहशत फैलाई ताकि कोई पास नहीं आ सके। घटना फूलेटी की घाटी के समीप गुरुवार सुबह 10 बजे करीब की है। जानकारी के अनुसार ब्रांच मैनेजर हरनेर निवासी हेमंत कुमार गौतम रोजाना की तरह आगर स्थित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा पर जाने के लिए घर से बैग में करीब साढ़े 5 लाख रुपए लेकर निकले थे। रास्ते में फूलेटी की घाटी के समीप दो बाइक पर आए 6 बदमाशों ने पहले उसकी बाइक को धक्का मार कर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश उसे घेरकर बैग छीनने लगे, लेकिन हेमंत ने बैग नहीं छोड़ा।

इसके बाद बदमाश हवा में कई फायर करते हुए बैग छीन ले गए। इसके बाद बदमाश बैग छीनकर झांकड़ी गढ़बसई रोड होते हुए नारायणपुर की ओर निकल गए। थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आस-पास के थानों में सूचना देकर नाकाबंदी करवाई गई है। शीघ्र ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।



### नकदी ले गए रास्ते में फेंका बैग

पुलिस को झाकड़ी की तरफ छीना हुआ बैग पड़ा मिला। वहीं रकम लेकर बदमाश पार हो गए। अब पुलिस भी बदमाशों के पीछे है। पुलिस का कहना है कि उनकी अलग-अलग टीमें तलाशी में जुटी है। बदमाशों को जल्दी गिरफ्त में लिया जाएगा।

### फायर से दहशत फैलाई

घटना के समय कई वाहन रोड पर आ गए थे, लेकिन बदमाशों ने हवा में फायर किए तो कोई आगे नहीं आया। एयू का ब्रांच मैनेजर खुद ही उनसे लड़ता रहा।

### मौका पाते ही की वारदात

हरनेर निवासी ब्रांच मैनेजर हेमंत कुमार ने बताया कि रोजाना वे एयू के फाइनेंस सेंटर पर जाते हैं। वहां उनका छोटे ग्राहकों को फाइनेंस करने का काम हैं। इस कारण रोजाना ही घर से रकम लेकर जाना होता है। बदमाशों ने पीछा कर दिनदहाड़े इस इस वारदात को अंजाम दिया है। गिरने से उनको चोट भी आई। बाद में उन्होंने पुलिस को सूचना दी

## स्कूटी सवार महिला का बदमाश छीन ले गए बैग

**सीसी टीवी में कैद हुई लुटेरों की करतूत**

**बेधड़क** | जोधपुर

शहर की सड़कों पर इन दिनों महिलाओं का सुरक्षित चलना भी मुश्किल हो रहा है। चौपासनी क्षेत्र के सेक्टर 12 में गुरुवार को अपने पति के साथ घर जा रही महिला का बैग बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश झपट्टा मारकर बैग छीन ले गए। घटना महिला के घर के चंद कदम दूर ही हुई। बैग छीनने की पूरी वारदात महिला के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसको लेकर अब थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पीड़ित राम किशन दुलानी ने बताया की वे सुबह 11 बजे पत्नी के साथ स्कूटी पर बैठकर घर आ रहे थे। चौपासनी सेक्टर 12 में पहुंचने पर उनके घर से कुछ कदम पहले ही 2 बाइक सवार युवक आए। उन्होंने स्कूटी के




पीछे की सीट पर बैठी उनकी पत्नी के हाथ में रखा बैग छीन लिया और भाग निकले। बैग में ढाई हजार रुपए और आईफोन भी था। उन्होंने बताया कि चौपासनी क्षेत्र में आए दिन हो रही बैग छीनने की घटनाओं को लेकर वे खुद सतर्क थे। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उनके घर के बाहर ही वारदात हो जाएगी।

चोरी की ये पूरी वारदात उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। इसमें दो युवक महिला के हाथ से बैग छीन कर भागते नजर आ रहे हैं।

---

**टोंक की** सियासत में उबाल

## सीएम गहलोत और सचिन पायलट के समर्थक आमने-सामने

**बेधड़क** | टोंक

शहर में बुधवार देर रात सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट गुट के समर्थक नेताओं में फोन पर हुई मामूली कहासुनी झगड़े में बदल गई। टोंक में कांग्रेस नेताओं की गुटबाज़ी अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। इसके चलते कांग्रेस नेता आपस मे ही एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। ऐसा ही नजारा टोंक कांग्रेस पार्टी में भी देखने को मिल रहा है।

देर रात टोंक प्रधान पति हंसराज फागणा और कांग्रेस नेता सुनील बंसल आमने-सामने हो गए। फागणा का आरोप है कि बंसल ग्रुप ने उनके सरकारी निवास पर पहुंचकर हमला बोल दिया और तोड़फोड़ कर उन्हें धमकाया। वहीं सुनील बंसल का आरोप है कि प्रधान पति ने उन्हें फोन पर गालियां देकर धमकाया। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो सिटी सीओ



सालेह मोहम्मद, कोतवाली थाना प्रभारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे, तक जाकर पूरा मामला शांत हुआ। एहतियातन शहर के मुख्य चौराहों पर पुलिस का भारी जाप्ता रातभर तैनात रहा।

दरअसल कुछ दिन पूर्व भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला था। पूर्व डिप्टी सीएम और टोंक विधायक सचिन पायलट सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर रहे थे। तब अचानक पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह मुकुल और टोंक प्रधान पति हंसराज फागणा में मारपीट की नोबत आ गई थी।

### सरपंच संघ उतरा फागणा के समर्थन में

इस झगड़े के बाद सरपंच संघ प्रधान पति हंसराज के समर्थन में उतार गया। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश मीना के नेतृत्व में सरपंचों ने एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें सुनील बंसल, हंसराज चौधरी, रामसिंह, मुकुल, रामदेव गुर्जर को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। वहीं हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की। मीना ने कहा कि टोंक कांग्रेस में सब कुछ सही नहीं है।

---

**कलेक्टर-एसपी ने नहीं दी** सवारी निकालने की परमिशन

## विधायक देवनानी को एसपी ने कहा, 'नीची आवाज में बात करें'

**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट पर जनप्रतिनिधि का अपमान करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि झरनेश्वर मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ शिवजी की सवारी की परमिशन लेने के लिए एसपी के चैंबर में गए थे। बातचीत के दौरान एसपी ने उन्हें आवाज नीचे करने की बात कही और सवारी की परमिशन देने से भी इनकार कर दिया। देवनानी ने कहा कि जहां दूसरे समुदाय को हाल ही में संपर्क सड़क पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए परमिशन दे दी गई वहीं सरकार के दबाव में शिवजी की सवारी की अनुमति नहीं दी जा रही। साथ ही एसपी ने भी उनके साथ गलत बर्ताव किया।

इस संबंध में वे उच्चाधिकारियों को शिकायत करेंगे। वहीं भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने भी एसपी के बर्ताव की निंदा की ओर उन्होंने भी पुलिस प्रशासन पर सरकार के दबाव में काम करने की बात कही। वहीं सवारी की परमिशन नहीं देने से वहां उपस्थित लोगों में रोष व्याप्त हो गया। देवनानी जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित से भी मिले और सशर्त अनुमति देने की मांग की, लेकिन कलेक्टर ने भी परमिशन नहीं दी। इस संबंध में जब एसपी चूनाराम जाट से उनका पक्ष जानने के लिए 'सच बेधड़क' ने उन्हें कॉल किया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

---

**गोलपुरा में महाराणा प्रताप की** प्रतिमा का मंत्री गर्ग ने किया अनावरण

## प्रताप के जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक

**बेधड़क** | भरतपुर

राजपूत समाज की ओर से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा गोलपुरा गांव में गुरुवार को स्थापित की गई। इससे पूर्व शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजारों में होकर निकाली गई।

इसके बाद आयोजित समारोह में तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप द्वारा जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए किया गया संघर्ष वर्तमान में भी प्रासंगिक है। उन्होंने अन्याय के विरूद्ध पूरे जीवन संघर्ष कर मानवता की रक्षा की। उन्होंने सुझाव दिया कि शौर्य



व वीरता के प्रतीक कहलाने वाले महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ भामाशाह की प्रतिमा भी लगनी चाहिए। उन्होंने प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले गोलपुरा के ग्रामवासियों एवं प्रतिमा उपलब्ध कराने वाले चन्द्रवीर सिंह राजावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगों को गरीब विद्यार्थियों को आवास के लिए हॉस्टल निर्माण का कार्य भी करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी समाजों की भागीदारी से सामाजिक सद्भाव व प्रेम-भाईचारा का जो संदेश दिया है वह निश्चय ही प्रशंसनीय है। इसे बनाए रखने की आवश्यकता है।

इस मौके पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह, प्रतिमा के दानदाता चन्द्रवीर सिंह राजावत, ठाकुर प्रताप सिंह राजावत, खाटू श्याम मन्दिर के मंहत रोहित महाराज, राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, ठाकुर भानूप्रताप सिंह, बृजेश अग्रवाल, यश अग्रवाल एवं राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के राजपूत व अन्य समाजों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

**गहलोत सरकार पर उपनेता प्रतिपक्ष पूनियां ने साधा निशाना**

# अपराध रोकने में सरकार की नाकामी से अराजकता-बदहाली: डॉ. पूनियां

**बेधड़क** | कोटा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गहलोत सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर तंज कसा है।

पूनियां ने कहा कि राजस्थान में पुलिस थानों के बाहर लिखा होता है 'अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास' किंतु राजस्थान में इसके ठीक विपरीत हो रहा है। 'अपराधियों में हौसला और आमजन में भय।' गहलोत सरकार राजस्थान की सबसे भ्रष्टतम एवं नाकाम सरकार है, गुरुवार को कोटा सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10 लाख 92 हजार अपराध की घटनाएं और प्रतिदिन 17 बलात्कार और 7 हत्या की वारदातें ये साबित करती हैं कि गहलोत सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज है ही नहीं। राजस्थान में अराजकता और बदहाली है, जिसे राजस्थान का जनमत ईवीएम मशीन पर उंगली के माध्यम गहलोत सरकार को बदल कर ही दम लेगी।



### कहां है जीरो टॉलरेंस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूनियां ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है, किंतु विभिन्न प्रकार की भ्रष्टता और रिश्वतखोरी की जांच करने वाली संस्थाओं के एनालिसिस आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में सरकारी कामकाज में 78 प्रतिशत लोगों को किसी न किसी रूप में रिश्वत देनी पड़ती है। पूनियां ने कहा कि कांग्रेस के विधायक भरत सिंह के पत्र, रामनारायण मीणा का सदन में संबोधन, दिव्या मदेरणा के समय-समय पर उठाए गए विषय सब इस बात का सबूत हैं कि गहलोत सरकार अभी तक की भ्रष्टतम सरकार है।

### कर्जमाफी का वादा कर वोट बटोरे

पूनियां ने किसानों की बात उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र और उनके तत्कालीन सबसे बड़े नेता राहुल गांधी सहित सभी ने किसानों को कर्ज माफी का वायदा कर वोट बटोरे थे, किंतु 1700 दिन बीत जाने के बाद भी किसान कर्ज माफी तो नहीं हुई, किंतु किसानों ने इस दौरान आत्महत्याएं की है, सुसाइड नोट लिखे हैं, वीडियो बनाकर के अपनी बात कही है, इतना ही नहीं इस दौरान राजस्थान के 19422 किसानों की जमीन कर्ज के कारण नीलाम को हो गई है। राजस्थान में किसान दुर्दशा का नया इतिहास गहलोत सरकार में लिख गया।

### पेपरलीक से निराश होता है युवा

उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि जब किसी युवा के द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आती है तो बहुत ही दुख पहुंचता है किंतु गहलोत सरकार में 2100 युवाओं ने आत्महत्या की है, राजस्थान में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत है जो सबसे ज्यादा है। सवा करोड़ युवा जब पेपरलीक से निराश होता है तो उस पर और उनके परिजनों पर क्या बीतती है। राजस्थान सरकार के पास बेरोजगारी व युवाओं को लेकर कोई दिशा ही नहीं है।

### ये भी रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक रामगंजमंडी मदन दिलावर, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, देहात जिलाध्यक्ष मुकुट नागर, भाजपा मीडिया संपर्क विभाग के प्रदेश सह संयोजक अरविंद सिसोदिया, जिला महामंत्री मुकेश विजय, जिला महामंत्री चन्द्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर शर्मा एवं नेता खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जरूरी खबर

### फर्जी अनुभव पत्र बनाने वालों पर एसीबी की नजर



**जयपुर।** राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश में नगरीय निकायों में होने वाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती को लेकर एसीबी ने अलर्ट जारी किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि इस भर्ती को लेकर कई दलाल प्रवृत्ति के लोग सक्रिय हो गए हैं, जो रिश्वत लेने व पैसे लेकर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी झासा दे रहे हैं। इसकी जानकारी एसीबी तक पहुंच रही है। प्रियदर्शी ने कहा कि इस प्रकार का भ्रष्टाचार स्वीकार्य नहीं होगा और भ्रष्टाचार की संलिप्तता पाए जाने पर एसीबी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि राजस्थान नगर निगम सफाई कर्मचारी भर्ती के पहले चरण में 13 हजार 184 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

### जेडीसी ने किया गांधी दर्शन म्यूजियम का दौरा

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. जोगाराम ने गुरुवार को गांधी दर्शन म्यूजियम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन गांधी म्यूजियम के निर्माण की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जेडीए के इंजीनियर भी मौजूद रहे। आयुक्त जोगाराम ने कहा कि प्रदेशवासियों को जल्द गांधी दर्शन म्यूजियम की सौगात मिलेगी। अभी म्यूजियम का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन म्यूजियम आने वाली पीढ़ी और नौजवानों के लिए सत्य और अहिंसा के साथ गांधीजी के जीवन चरित्र को लेकर पूरी जानकारी देगा। म्यूजियम पर्यटन के हिसाब से भी अहम है। पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

सचिवालय घेराव पर हाई कोर्ट का स्वप्रेरित प्रसंज्ञान, दूसरे दिन भी की सुनवाई

# ...अगर पब्लिक को परेशानी हुई तो कोर्ट को देना होगा दखल

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत मंगलवार को शहर में हुई सभा और सचिवालय घेराव प्रदर्शन के दौरान हुए यातायात जाम और शहर में हुई अव्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को हाईकोर्ट ने पूरे मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए नाराजगी जताई थी और स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस के आलाधिकारियों को तलब किया था।

उस मामले में हाईकोर्ट ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई की। हालांकि, एक बार फिर 21 अगस्त को सरकार से मामले में जवाब मांगा है।



पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें गुरुवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच में सुनवाई हुई। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने पूरे मामले में नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस को कोर्ट के आदेशों के बारे में पता ही नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि शहर के ट्रैफिक को रेगुलेट करने का काम हमारा नहीं है, लेकिन अगर पब्लिक को परेशानी होगी तो कोर्ट को दखल देनी होगी।

अदालत ने सरकार को निर्देश दिए कि सरकार किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जिससे वह कोर्ट के अभी तक के आदेशों के अनुसार सर्कुलर जारी करे। यह सर्कुलर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के पास होना चाहिए, जिसके आधार पर वह रैली व धरने की अनुमति दे सके।

### सरकार को जवाब के लिए दिया समय

सिंगल बैंच से रैफर होकर आई अवमानना संबंधी कार्रवाई को लेकर कोर्ट ने सरकार को विस्तृत जवाब देने के लिए 21 अगस्त तक का समय दिया है। अपने जवाब में सरकार को बताना है कि पुलिस अधिकारियों ने किस आधार पर शहर के बीच में रैली की परमिशन दी। सरकार के जवाब के आधार पर ही कोर्ट यह तरह करेगा कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई की जाए या नहीं की जाए।

### बुधवार को भी थी सुनवाई

मंगलवार को हुए भाजपा के प्रदर्शन में प्रदेशभर से भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदर्शन में जुटे थे। इसको लेकर यातायात पुलिस ने सामान्तार मार्गों पर और पार्किंग को लेकर व्यवस्था की थी, लेकिन यह व्यवस्था फेल हो गई। उसका नतीजा यह रहा कि शहरवासी दिनभर जाम से फंसे रहे। मुख्य मार्गों को छोड़ वाहन चालक गलियों में घुसे तो वहां भी वाहनों की लंबी कतार लग गई। सामानांतर मार्गों पर पर भी यातायात रेंग-रेंगकर चलता रहा। शहर में जाम की स्थिति बन गई थी। जाम में वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी फंस गए थे।

राजधानी में खुले आसमान तले चल रही बच्चों की पहली पाठशाला

# खुला 'आंगन', बदहाल 'बाड़ी'

निरंजन चौधरी | बेधड़क

**जयपुर।** राज्य के अंतिम छोर तक नन्हे बच्चों को खेल-खेल में 'क ख ग' का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से खोली गईं आंगनबाड़ियां बदहाली के आंसू बहा रही हैं।

दूर दूराज के क्षेत्रों की तो क्या बात करें, राजधानी जयपुर में ही कई जगह आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को चारदीवारी तक नहीं मिल पा रही। 'सच बेधड़क' ने बुधवार को शहर की कई आंगनबाड़ियों का दौरा किया और देखा कि वहां की स्थिति काफी दयनीय थी। यहां बच्चों को पेड़ के नीचे बिठाकर पढ़ाया जा रहा है।

जहां कमरे की व्यवस्था है, वहां एक छोटे कमरे में दर्जनों बच्चों को बिठाने की मजबूरी है। सरकारी स्तर पर चलने वाली कई योजनाओं की केंद्र ये आंगनबाड़ियां मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रही हैं। आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को टॉयलेट तक की सुविधा नहीं थी।





### दस्तावेजी जंजाल में उलझी सुविधा

सरकार की ओर से आंगनबाड़ी संचालित करने के लिए 4 हजार रुपए प्रतिमाह किराए का प्रावधान है, मगर इसके साथ ही दस्तावेजी जंजाल इतने हैं कि आंगनबाड़ियों को किराए का कमरा नहीं मिल पाता। कच्ची बस्तियों में या तो किराए पर जगह ही नहीं मिलती, अगर मिल भी जाए तो दस्तावेजों के नाम पर पट्टे तक की मांग की जाती है, जो कच्ची बस्ती के लोगों के पास मिल पाना मुश्किल है। इस कारण राजधानी में कई जगह बच्चे खुले आसमान के नीचे कचरे के पास बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।

"में मामले को दिखवा लेता हूँ बाकी शहर में आंगनबाड़ी के कमरों को लेकर समस्या काफी समय से है। इसका एक कारण किराए का मात्र 750 रुपये पार्टी महीना होना भी है। इतने कम में शहर में कमरा मिलना मुश्किल है। किराए के निर्धारण के लिए कई बार विभाग को लिखा भी जा चुका है।

**अशोक शर्मा,** बाल विकास परियोजना अधिकारी, सांगानेर

"त्रिवेणी नगर के सीताराम नगर केंद्र स्थित आंगनबाड़ी की स्थिति से सरकार के जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों को कई बार इस संबंध में पत्र लिखकर अवगत करवा चुकी हूं। कोई सुनता ही नहीं है। आंगनबाड़ी से महज किलोमीटर की दूरी पर विधायक अशोक लाहोटी रहते हैं और 200 मीटर दूर पार्षद, मगर कोई इसकी तरफ ध्यान देने के लिए तैयार ही नहीं है। किराए पर कमरा भी लें तो कच्ची बस्ती के लोग जो सरकार को दस्तावेज चाहिए वह देने के लिए तैयार नहीं। इसके अलावा खुले आसमान के नीचे गंदगी के पास स्टूडेंट्स के बैठने की वजह से आए दिन बच्चे बीमार हो रहे हैं।

**आरती,** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीताराम नगर 2

"मानसरोवर के सुमेर नगर स्थित मेरी आंगनबाड़ी एक कमरे में चलती है, जिसमें 24 लड़के-लड़कियों को बिठाना मुश्किल है। उसके अलावा उड़ान योजना का एक बक्सा भी इसी कमरे में रखना पड़ता है। यह कमरा भी बारिश के मौसम में पूरा पानी से भर जाता है, बारिश के दौरान तो योजना के सामान को पानी से बचाना बड़ी जिम्मेदारी हो जाती है।

**विनीता रामोला,** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुमेर नगर

### सांप, बिच्छुओं के डर के साए में बचपन

त्रिवेणी नगर कच्ची बस्ती के पास बनी आंगनबाड़ी में एक दर्जन से अधिक बच्चे हैं। मगर इनके पास खिलौने तो छोड़िये, बैठक वाली जगह पर छत तक नहीं है। इसके अलावा आस-पास में कचरे के ढेर पड़े हैं, जहां पर आए दिन सांप और बिच्छू निकलना आम बात है। इसके अलावा यहां बच्चों और स्टाफ के लिए टॉयलेट की भी सुविधा नहीं है। बारिश के दौरान छत नहीं होने की स्थति में स्टाफ को मजबूरन अवकाश करना पड़ता है। इसके अलावा सरकारी जमीन पर कच्चा कमरा बनाया है, जिसमें पंखा तक नहीं है। यहां सरकारी योजनाओं के सामान को बचाना भी मुश्किल हो जाता है।

दो दलाल भी गिरफ्तार

# महिला आबकारी निरीक्षक 3 लाख की रिश्वत लेते ट्रैप



अंकिता



असलम

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को जयपुर में महिला आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर को तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं। इसमें दलाल मोनू अली और असलम की भूमिका भी सामने आई है। उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी लाइसेंस वाली शराब की दुकान निर्बाध रूप से चलती रहे। इसके एवज में जयपुर (पूर्व) की आबकारी निरीक्षक अंकिता माथुर 3 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रही थी। शिकायत पर डीआईजी रणधीर सिंह, एडि. एसपी राजेंद्र नैन और सीआई



मोनू अली

अर्चना मीणा ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद अंकिता माथुर को शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लक्ष्मण नगर श्याम नगर में रहने वाली है और जयपुर पूर्व में आबकारी निरीक्षक के पद पर तैनात है। एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है और उनके आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी कर रही है।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने पदभार संभाला

# उत्कृष्ट पुलिसिंग मॉडल बने जयपुर

बेधड़क | जयपुर

नवनियुक्त पुलिस कमिशनर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पुलिस आयुक्त आनन्द श्रीवास्तव ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में जोसफ ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि जयपुर सिटी उत्कृष्ट पुलिसिंग मॉडल के रूप में विकसित हो। कानून व्यवस्था और अपराधों पर नियंत्रण और यातायात संचालन की सूचारू व्यवस्था की जाएगी।



साथ ही पुलिस से सहायता लेने कोई भी असहाय और पीड़ित पहुंचे तो उनकी संवेदनशीलता के साथ त्वरित सुनवाई की जाएगी। कमिश्नरेट अपराध रोकने में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 1995 बैंच के अधिकारी जोसफ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सतर्कता, राजस्थान जयपुर के पद पर पदस्थापित थे।

बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रदर्शन

# बेरोजगारों ने किया चयन बोर्ड का घेराव

बेधड़क | जयपुर

बेरोजगारों की कई मांगों को लेकर युवाओं ने गुरुवार को कर्मचारी चयन बोर्ड का घेराव किया। बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा के इस्तीफे के कारण शिक्षक भर्ती परीक्षा सहित 10 से ज्यादा भर्तियां अधरझूल में लटक गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक लाख पदों पर होने वाली भर्तियों को लेकर युवाओं में असमंजस की स्थिति है। उन्होंने कहा कि



लाखों युवा सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति हो। उन्होंने कहा कि जल्द नया अध्यक्ष नहीं मिलने पर प्रदेशभर के लाखों युवाओं द्वारा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उपेन ने कहा कि बोर्ड अध्यक्ष को इस्तीफा दिए 1 सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत गया है, लेकिन अब तक सरकार द्वारा नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इससे बोर्ड की कार्यशैली प्रभावित हो रही है। इसका सबसे ज्यादा असर शिक्षक भर्ती परीक्षा समेत प्रक्रियाधीन 10 भर्ती परीक्षाओं पर पड़ रहा है। गौरतलब है कि अध्यक्ष शर्मा ने 23 जुलाई को इस्तीफा यह कहते हुए भेज दिया था कि मेरा कार्यकाल 7 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। 8 भर्ती परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में कार्यकाल पूरा भी कर लेता तो भी सिर्फ तीन भर्ती परीक्षाओं को पूरा कर पाऊंगा।

अस्पतालों में बढ़े मौसमी बीमारियों के मरीज

# आंखों के फ्लू ने लगाया लोगों की सेहत में 'अड़ंगा', डेंगू का 'डंक' भारी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में हुई बारिश के बाद अब मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ती जा रही है। डेंगू और आई फ्लू ने सबसे ज्यादा परेशानी खड़ी कर दी है। डेंगू जानलेवा बनता जा रहा है तो बाजार में आई फ्लू की दवा की कमी आ गई है।

राजस्थान में आई फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बच्चे, बुजुर्गों से लेकर महिलाएं और युवा सभी आई फ्लू से पीड़ित हैं। पिछले एक हफ्ते के दौरान शहर की दवा दुकानों से आई ड्रॉप का स्टॉक खत्म होने लगा है। खासतौर पर सिप्लॉक्स ड्रॉप और आई ड्रॉप एंटीबायोटिक दवा मोक्सीफ्लोक्सासिन स्टॉक कम



हो गई है। प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में सप्ताह की शुरुआत में मोक्सीफ्लोक्सासिन का स्टॉक खत्म हो गया था। हालांकि, मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करवा दिया गया है, लेकिन दवा दुकानों से भी आई ड्रॉप काफी संख्या में बिक रही हैं।

दवा सस्ती होने के कारण और फोन पर डॉक्टर से सलाह लेकर कई लोग दवा मेडिकल स्टोर खरीदकर उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, बढ़ते मरीजों को देखते हुए दवा कारोबारियों ने फिर स्टॉक मंगवा लिया हैं। कारोबारियों का कहना है कि इस सप्ताह के अंत तक स्टॉक पर्याप्त मात्रा में होगा। डिमांड बढ़ने के कारण अभी स्टॉक कम हुआ है।

### 4 हजार से ज्यादा मरीज पहुंच रहे SMS

प्रदेश के सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भी पीलिया, डेंगू, आईफ्लू के मरीज अपना इलाज करवाने पहुंच रहे हैं। एसएमएस अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 4 हजार से ज्यादा मरीज इन बीमारियों से पीड़ित पहुंच रहे हैं। ओपीडी में बढ़ते मरीज पीलिया, वायरल, खांसी, सर्दी जुकाम, पेट दर्द, जैसी बीमारियों से परेशान हैं। ऐसे में सामान्य रोगों के साथ संक्रामक रोग भी तेजी से फैले हैं। पीलिया, मलेरिया, टायफाइड, वायरल, डायरिया, डिहाइड्रेशन जैसे रोगों से लोग परेशान हैं। हर बार की तरह इस बार भी डेंगू के मरीज ज्यादा सामने आ रहे हैं। वहीं, अस्पताल में पीलिया के मरीज भी दिनों दिन बढ़ रहे हैं। एसएमएस अस्पताल के डॉ. हेमेंद्र भरद्वाज ने बताया कि करीब 50 से अधिक मरीज पीलिया की शिकायत लेकर रोजाना पहुंच रहे हैं।

### डेंगू से एक मौत! इस साल 700 पॉजिटिव

आई फ्लू के साथ ही डेंगू के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अब डेंगू जानलेवा बन गया है। जमवारामगढ़ में 68 वर्षीय एक व्यक्ति की डेंगू से मौत हो गई। इस साल राजस्थान में डेंगू से होने वाली ये पहली मौत बताई जा रही है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां पर इलाज के बाद भी उनकी मृत्यु हो गई। हाल की बारिश के बाद राज्य भर में डेंगू इस साल मिलने वाले डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 700 के करीब पहुंच गई है।

"आई ड्रॉप ऐसी दवा है जो केमिस्ट कम मात्रा में ही स्टॉक में रखता है, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण कई जगह शॉर्टेज हो गई है। इस कारण दवा अनुपलब्ध हो गई हैं। मांग बढ़ने के कारण कम हुई दवा के स्टॉक को जल्द पूरा किया जाएगा। अधिकतर ने कंपनी को ऑर्डर कर दिया है। इस सप्ताह के अंत तक सप्लाई रेगुलर हो जाएगी।

**सर्वेश्वर शर्मा,** प्रदेशाध्यक्ष, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन

"दवा का स्टॉक उपलब्ध आई फ्लू के मरीज ज्यादा बढ़ने के कारण आई ड्रॉप एंटीबायोटिक दवा मोक्सीफ्लोक्सासिन खत्म हो गई थी, जिसको लेकर हमने सरकार को लिख दिया था। हमें तुरंत दवा उपलब्ध करवा दी गई हैं। अब स्टॉक उपलब्ध हैं।

**डॉ. पंकज शर्मा,** नेत्र रोग विभाग, एसएमएस

## वन संरक्षण कानून में संशोधन

# वैज्ञानिक साक्ष्यों पर हों बदलाव



शैलेन्द्र चौहान
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में वन संरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कर दिया। यह विधेयक पहली बार इसी साल मार्च माह में 29 तारीख को बजट सत्र के दौरान पेश किया गया था, हालांकि विपक्ष की आपत्तियों के बीच इसे जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया था। केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में वन संरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कर दिया। हाल में 20 जुलाई को समिति ने अपनी रिपोर्ट संसद में रखी थी। विपक्षी दलों के नेता लगातार इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन सभी की आपत्तियों को खारिज करते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार द्वारा लोकसभा में पारित वन संरक्षण संशोधन अधिनियम का उद्देश्य 1980 में लागू हुए वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन करना है। ये अधिनियम भारत की वन संपदा को नष्ट होने से बचाने के लिए लाया गया था। इसी अधिनियम में केंद्र सरकार को वन उद्देश्यों के लिए प्रयोग की जाने वाली किसी भी भूमि के लिए मुआवजा देने की शक्ति दी गई थी। वन संरक्षण अधिनियम मे संशोधन के तहत भारत की सीमा के 100 किमी अंदर की भूमि, सड़क के किनारे छोटी सुविधाओं और आबादी तक पहुंच के लिए सार्वजनिक सड़कें बनाने का काम जिस भूमि पर होगा वह वन संरक्षण अधिनियम के तहत शामिल नहीं होगी।

> “ केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में वन संरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कर दिया। हाल में 20 जुलाई को समिति ने अपनी रिपोर्ट संसद में रखी थी। विपक्षी दलों के नेता लगातार इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन सभी की आपत्तियों को खारिज करते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार द्वारा लोकसभा में पारित वन संरक्षण संशोधन अधिनियम का उद्देश्य 1980 में लागू हुए वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन करना है। ”

अब तक राज्य सरकार यदि वन भूमि किसी प्राइवेट संस्था को आवंटित करना चाहती थी तो उसके लिए केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी जरूरी होती थी, लेकिन संशोधन विधेयक के बाद राज्य सरकार या समकक्ष संस्थाएं वन भूमि आवंटित कर सकती हैं, लेकिन उन्हें केंद्र सरकार के नियमों और शर्तों का पालन करना होगा। वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023, जिस पर एक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया था, यह एक ऐसा विवादास्पद कानून है जो औद्योगिक विकास और वनों के संरक्षण को संतुलित करने में निहित जटिल चुनौतियों की ओर इशारा करता है। जहां औद्योगीकरण का मतलब अनिवार्य रूप से वन भूमि और पारिस्थितिक तंत्र के बड़े हिस्से को हड़पना है, वहीं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एक ऐसा महत्वपूर्ण कानून रहा है जिसने राज्य को औद्योगीकरण की प्रक्रिया को विनियमित करने और ऐसे औद्योगिक दोहन पर हर्जाना लगाने का अधिकार दिया है। मूल रूप से अधिसूचित वनों से जुड़े टी.एन. गोदावर्मन थिरुमलपाद मामले (1996) में, अन्य बातों के अलावा, सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने इस तरह की सुरक्षा का दायरा उन वनों के लिए भी बढ़ा दिया था जिन्हें आधिकारिक तौर पर वर्गीकृत नहीं किया गया था। जैसा कि भारतीय वन सर्वेक्षण की द्विवार्षिक रिपोर्ट बताती है, भारत के वन क्षेत्र में बेहद मामूली वृद्धि ही देखी गई है। आधिकारिक तौर पर दर्ज वनों के अंदर वन क्षेत्र का प्रसार ठहरा हुआ है, या हद से हद वृद्धिशील ही है। यह तो बागों, बागानों और गांव के घरों में लगे वृक्षों का आवरण ही है, जो बढ़ रहा है और भारत के इस दावे का पूरक बन रहा है कि उसका 24 फीसदी इलाका वन और वृक्ष आवरण के अंतर्गत है।



> मौजूदा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (पर्यावरण मंत्रालय के हिसाब से) इन मकसदों के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि यह निजी कृषि-वानिकी और वृक्षारोपण से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित नहीं करता था। वर्ष 2019 से लेकर 2021 के दौरान, भारत ने 1,540 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र का समावेश किया, जिसमें से 1,509 वर्ग किलोमीटर का इलाका दर्ज वन क्षेत्र के बाहर था।

भारत ने जलवायु संबंधी अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में, 2030 तक इस आंकड़े को 33 फीसदी तक बढ़ाने और इस तरह से 2.5 बिलियन से तीन बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बन सिंक का समावेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। मौजूदा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (पर्यावरण मंत्रालय के हिसाब से) इन मकसदों के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि यह निजी कृषि-वानिकी और वृक्षारोपण से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित नहीं करता था। वर्ष 2019 से लेकर 2021 के दौरान, भारत ने 1,540 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र का समावेश किया, जिसमें से 1,509 वर्ग किलोमीटर का इलाका दर्ज वन क्षेत्र के बाहर था। मौजूदा वन अधिनियम में किए गए नए संशोधनों ने 1996 के फैसले की सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके ऐसे प्रोत्साहन दिए। केवल 1980 या उसके बाद किसी भी सरकारी रिकॉर्ड में 'वन' के रूप में दर्ज भूमि पर ही इस अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। राज्यों द्वारा 1980-1996 के बीच गैर-वानिकी उपयोग के लिए अधिकृत वन भूमि पर इस अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। इन संशोधनों का प्रभावी रूप से मतलब यह है कि राज्य अब अवर्गीकृत वन भूमि, या वन जैसी विशेषताओं वाले पेड़ों के हिस्सों को 'वन भूमि' के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते हैं। ये संशोधन भारत की सरहदों के निकट स्थित 100 किलोमीटर तक की वन भूमि को "रणनीतिक और सुरक्षा" से जुड़े उद्देश्यों के लिए केंद्रीय अनुमोदन के बिना विनियोजित करने की इजाजत भी देते हैं।

इन संशोधनों की बुनियादी आलोचना यह है कि ये दरअसल प्राकृतिक वन को पुनर्जीवित करने में योगदान नहीं देते हैं, बल्कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वनीकरण को प्रोत्साहित करते हैं। चिंताजनक बात यह है कि संसदीय समिति ने अपने वैधानिक विशेषाधिकारों के बावजूद आगे की राह के बारे में कोई राय या सुझाव नहीं दिया है। निजी वनों को संवारना सैद्धांतिक रूप से भले ही अच्छा लग सकता है, लेकिन उनसे स्थायी कार्बन भंडार बनने की उम्मीद करना एक ख्याली पुलाव है क्योंकि उन्हें 'कार्बन क्रेडिट' के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए मजबूत बाजार प्रोत्साहन मौजूद हैं। जलवायु संबंधी नई हकीकतों के मद्देनजर संरक्षण कानूनों की व्याख्या में बदलाव की जरूरत हो सकती है, लेकिन ऐसी व्याख्याओं को ठोस वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# अपनी-अपनी राजनीति...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

टांग खिंचाई के इस युग में भी मैंने कभी उनको तनाव में नहीं देखा। जब कहीं कोई विवाद की स्थिति आती, वे हर बार निर्णायक की भूमिका में ही रहा करते थे। सीधे तौर पर किसी भी विवाद से उनका कतई कोई नाता नहीं रहा था। एक प्रकार से वे सर्वमान्य शख्सियत के रूप में जाने जाते थे। उनके बारे में कुछ और अधिक जानने के लिए मैं सदैव उत्सुक रहा था। लिहाजा अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति के चलते यह जानने की बेसब्री निरंतर बनी रही कि आखिर उनके संताप रहित जीवन का रहस्य क्या है ? यह सवाल अरसे से दिल और दिमाग में उथल-पुथल मचा रहा था। आज वे एकाएक मिल गए। थोड़ी बहुत औपचारिक भूमिका के पश्चात मैं सीधे मुद्दे की बात पर आ गया।

मैंने पूछा, " भैया इस उठापटक के चरम दौर में भी आप अपने आपको आखिर इतना संयत कैसे रख पाते हैं ?" इस सवाल पर वे धीमी मुस्कुराहट के साथ बस इतना ही बोले कि " सीधी सी बात तो यह है कि मैं हां में हां और ना मैं ना करने के सिद्धांत पर चलता हूं। जो कोई कुछ भी कहे, बस हामी भरी और निश्चिंत हो गए।" मैंने पूछा " इसका मतलब आप हर समय तटस्थ भाव रखते हैं ?", इस पर वे थोड़ी गहरी मुस्कुराहट के साथ बोले, " नहीं, कभी-कभी मैं सुरसुरी भी छोड़ता रहता हूं।" मैं चकराया " सुरसुरी कैसी सुरसुरी ?", वे ठंडी सांस भरते हुए बहुत ही इत्मीनान से बोले कि " बस, जैसे कि चोर से कहता हूं कि चोरी कर और साहूकार से कह देता हूं कि भैया जागते रहना।" यकीन मानिए उनके इस दिव्य ज्ञान से मैं चकित होकर रह गया।

मैंने पलटकर सवाल किया कि " इससे आपको क्या मिलता है ?" इस पर वह मुस्कुरा कर रह गए और किसी नेता की भांति मेरे कंधे पर हाथ रखकर थपथपा कर चल दिए। दरअसल उनमें आजकल की राजनीति के वे तमाम गुण थे, जो किसी भी नेता को फर्श से अर्श पर ले जाने में प्रबल रूप से सहायक सिद्ध हुआ करते हैं। लेकिन वे राजनीति से कतई कोई सरोकार रखा ही नहीं करते थे। हां, यह अलग बात है कि उनकी अपनी जीवनशैली में राजनीति कूट-कूट कर भरी हुई है। इस संदर्भ में मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि राजनीति की परंपरा को काफी लोगों ने अपनी जीवन शैली के अभिन्न अंग के रूप में शुमार कर लिया है।

आजकल तो चतुर लोग बात-बात पर राजनीति जैसे दांवपेच लगाया करते हैं। अब दूर क्या जाना, श्रीमती जी को ही देखो - जो मौका देखकर वार किया करती है। इधर वाली उधर वाली को आड़े हाथों लेती है और उधर वाली इधर वाली की खबर ले लेती है। खैर, मुद्दे की बात यह कि राजनीतिक मनोवृति का विकेंद्रीकरण हो गया है। मालवी बोली में जिसे 'लगलूतरापन' कहा जाता है, वही चरित्र राजनीति में बहुत ही शिद्दत के साथ आत्मसात किया जाता है। अब जो जहां है, वो अपनी-अपनी राजनीति को अंजाम दे रहा है। सार यह कि चाहे किसी भी क्षेत्र में श्रीमान हो या श्रीमती अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में अपनी-अपनी राजनीति का सिक्का जमाए हुए हैं।

## हेबेई प्रांत में रिकॉर्ड बारिश से बाढ़

# बीजिंग में 140 वर्ष की सर्वाधिक बरसात

**एजेंसी** | झूझोउ (चीन)

चीन की राजधानी में तूफान 'डोक्सुरी' के कारण पिछले कम से कम 140 वर्ष की सर्वाधिक बारिश हुई है, जिसके कारण सड़कें नहरों में बदल गई हैं और इस दौरान वर्षाजनित हादसों में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है। बीजिंग मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बुधवार को बताया कि शहर में गत शनिवार से बुधवार सुबह तक 744.8 मिलीमीटर (29.3 इंच) बारिश दर्ज की गई। बीजिंग और उसके पड़ोसी हेबेई प्रांत में रिकॉर्ड बारिश के कारण बाढ़ आ गई है और पानी खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। बारिश ने सड़कों और यहां तक की पेयजल की पाइप को तबाह कर दिया है तथा बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। राजधानी के आस-पास नदियों में उफान के कारण कारों के भीतर पानी भर गया है।

### राहत...

*जर्मनी से सिंगापुर तक लगभग 500 इलेक्ट्रिक वाहनों सहित हजारों कारों को ले जाते समय आग लगने से क्षतिग्रस्त मालवाहक जहाज फ्रेमेंटल हाईवे को गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सहेवन बंदरगाह में ले जाया गया। लगभग एक सप्ताह के लिए व्यस्त उत्तरी सागर शिपिंग लेन के करीब और उत्तरी डच बंदरगाह पर एक विश्व प्रसिद्ध प्रवासी पक्षी आवास को बचाया जाएगा।*



फोटो: पीटीआई



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
भाजपा ने लगाई थी अपराध पर लगाम, कांग्रेस राज में राजस्थान हुआ बदनाम।




**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
शिव उन सभी चीजों का मिश्रण हैं जिनके बारे में आप सोच भी सकते हैं और नहीं भी। वह व्यक्त और अव्यक्त दोनों प्रकार की सृष्टि का मूर्त रूप हैं।



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
राजस्थान में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ अपराध रुकने का नाम नही ले रहे हैं। अब भीलवाड़ा जिले से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है जिसमें नाबालिग बच्ची के अवशेष कोयले की भट्टी में मिले हैं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
शब्द जब सीमाएं पार करते हैं, तो उनके अर्थ दिल दुखाते हैं



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु (लेखक)
@Srisri
वास्तव में मृगतृष्णा कभी निर्मित नहीं होती। इसका प्रकट होना और गायब होना दोनों ही धारणा का विषय है।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
मेरे पसंदीदा निर्देशकों में से एक #माजिदमाजिदी से मिलना खुशी और सौभाग्य की बात थी। उनकी गर्मजोशी और दयालुता संक्रामक है। मुझे उनका सिनेमा बहुत पसंद है. हम अपने संबंधित #रेट्रोस्पेक्टिव के आयोजन के लिए दिल्ली में हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: चीनी फेंगशुई में बुदाई को दी गई है खास मान्यता

# संतुष्ट रहने का पाठ पढ़ाता 'लाफिंग बुद्धा'

धन के देवता कुबेर से लगभग प्रत्येक व्यक्ति परिचित है। जिस तरह हिंदू धर्म में कुबेर देवता को सुख-समृद्धि और धन के खजाने के रूप में पूजा जाता है, ठीक उसी तरह चीन में लॉफिंग बुद्धा को माना जाता है। लॉफिंग बुद्धा जो कि सदैव मुस्कुराते रहते हैं, जिन्हें देखकर लगता है मानों यह हर व्यक्ति से व्यर्थ चिंता को छोड़ आगे बढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। दरअसल जिस प्रकार भारतीय संस्कृति में वास्तुशास्त्र को तवज्जों दी जाती है, उसी प्रकार चीन में फेंगशुई के अनुसार ही कार्य किए जाते हैं। लॉफिंग बुद्धा भी इसी फेंगशुई का हिस्सा है। चीन के लोग इनकी देवता के रूप में पूजा करते हैं। ऐसा माना जाता है कि घर में इनकी मूर्ति रखने से नकारात्मकता दूर होती है तथा सुख-समृद्धि का प्रवेश होता है। एक बड़े उदर के साथ मुस्कुराती हुई मूर्ति किसी भी चिंतित व्यक्ति को चिंतामुक्त कर सकती है। इसलिए भारत में भी अपने घरों और दुकानों पर लोग यह मूर्ति रखने लगे हैं।

### वे थे एक चीनी भिक्षु

लाफिंग बुद्धा एक चीनी भिक्षु थे, जिन्हें बुदाई नाम से जानते थे। बुदाई प्राचीन चीनी भिक्षु क्यूसी को दिया गया एक उपनाम है, जिन्हें चान बौद्ध धर्म में मैत्रेय बुद्ध के रूप में जाना गया। बुदाई नाम का शाब्दिक अर्थ 'कपड़े की बोरी' होता है। लाफिंग बुद्धा हंसमुख स्वभाव के थे, उनका यही स्वभाव उन्हें बाकी सभी से अलग करता है। जिस तरह उनकी मूर्ति को एक बैग के साथ संदर्भित किया गया, उससे मालूम होता है कि वे लक्ष्यहीन रूप से घूमते नजर आते हैं। अधिकांश बौद्ध गुरुओं से अलग होने तथा सदा मुस्कुराते रहने के कारण बाद में उनका नाम लाफिंग बुद्धा रख दिया गया। बुदाई को परंपरागत रूप से बड़े पेट वाले उदर के साथ चित्रित किया गया है। जिसका संभवतः अर्थ प्रचुरता या क्षमा का प्रतीक है। बुदाई के बारे में चान बौद्ध भिक्षुओं की जीवनी 'द ट्रांसमिशन ऑफ द लैंप' में उल्लेख किया गया।



### जीवन का खास पाठ सिखाता है

लाफिंग बुद्धा सभी को जीवन का खास पाठ पढ़ाता है। बुदाई की उत्पत्ति को लेकर कई प्रकार की स्थानीय किंवदंतियां मशहूर है। उन्हें परंपरागत रूप से साधारण वस्त्र पहने, कंधे पर एक मोटा थैला लिए, गंजे भिक्षु के रूप में दिखाया गया। किंवदंतियों की मानें तो वह अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा कपड़े की बोरी में रखते थे। जिससे पता चलता है कि वह गरीब हैं लेकिन पूर्णतया संतुष्ट हैं। अपने बड़े उदर को वह खुशी से थपथपाते दिखते थे, जो कि चीनी संस्कृति में संतुष्टि और प्रचुरता का प्रतिनिधित्व करता दिखाई देता है। वह लोगों के भाग्य और मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम थे, इस कारण चीनी उनकी ओर आकर्षित हुए।

### बुदाई को लेकर किए गए दावे

*कहा जाता है कि 916 ईस्वी के आसपास चीनी भिक्षु बुदाई का लिखा गया नोट मिला। जिसमें दावा किया गया कि वह भविष्य के बुद्ध मैत्रेय का अवतार हैं। उनका लेपित शव आज भी ग्रेट हॉल के पूर्वी भाग में युएह-लिन मंदिर में संरक्षित है। 'द ट्रांसमिशन ऑफ द लैंप' में इसके बारे में भी लिखा गया है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**कॉम्पिटिशन: आईसीएआई जयपुर शाखा पर हुई प्रतियोगिता**

# सीए स्टूडेंट्स ने डिबेट और क्विज कॉम्पिटिशन में दिखाया टैलेंट

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा की ओर से गुरुवार को आयोजित शाखा स्तरीय वाद-विवाद व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सीए स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट दिखाया।

बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशन्स के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता 'सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च-2023' के अंतर्गत आयोजित की गई थी। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को पहचानने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है। इससे छात्रों की बोलने की क्षमता को निखारने के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलेगा। छात्रों के विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ छात्रों की बोध शक्ति, मौलिक चिन्तन शक्ति व तर्क शक्ति का विकास भी होगा। साथ ही यह उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देगा जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को समृद्ध करेगा।




### अपने मुद्दों पर जमकर की बहस

वाद विवाद प्रतियोगिता में सीए छात्रों ने अपने चुने हुए विषय पर पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किए और इन पर खुल कर बहस की। इस प्रतियोगिता में विशेषज्ञों के तौर पर सीए पुलकित खण्डेलवाल, सीए अमित खांडल और सीए कमल जैन ने जज की भूमिका निभाई। वाद विवाद प्रतियोगिता में गौरवी शर्मा और खुशी लाहोटी को विजयी घोषित किया गया।

जयपुर शाखा सीकासा अध्यक्ष सीए विकास यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता शाखा, क्षेत्र व राष्ट्रीय तीन चरणों में आयोजित होगी। शाखा स्तर पर विजयी रहे छात्र क्षेत्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में जयपुर शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### प्रश्नोत्तरी में सामने आई जागरुकता

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में दो प्रतियोगी थे। हर टीम से सामान्य जागरुकता पर सात चरणों में प्रश्न पूछे गए जो प्रत्येक चरण में कठिन होते गए। इस प्रतियोगिता के संचालनकर्ता एवं जज सीए अखिल पचौरी, सीए अनिल अग्रवाल और सीए राजेश ढाबास थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिव्यांश जैन और तनय जैन की टीम विजयी रही।

## Yuva स्टोरीज




**छात्रों ने लिया अंगदान का संकल्प |**

**जयपुर।** परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस की एनएसएस इकाई की ओर से गुरुवार को राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स और टीचर्स ने अंगदान की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने देश में प्रत्यारोपरण के लिए अंगों व टिश्यूज की कमी को देखते हुए अपने परिवार, मित्रों और अन्य लोगों को अंग व टिश्यू दान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल, उप प्राचार्य डॉ. वीपी शर्मा, चीफ प्रोक्टर अनिल गोदारा, ममता राजावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिराज शर्मा, डॉ. शिल्पा चौधरी सहित विभिन्न शिक्षक व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

**दिव्यांशी गर्ग को पीएचडी की उपाधि |**



**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के साइकोलॉजी डिपार्टमेंट की स्टूडेंट दिव्यांशी गर्ग को 'माइंडफुलनेस एज ए मीडिएटर बिटवीन कॉग्निटिव फ्लेक्सिबिलिटी, कनफ्लिक्ट रेजोल्यूशन, हार्डीनेस, इमोशनल रिएक्टिविटी एंड वेल-बीइंग इन कॉलेज स्टूडेंट्स' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। दिव्यांशी गर्ग ने अपना शोध कार्य डॉ.मोनिका शर्मा के निर्देशन में पूरा किया है।



**स्टूडेंट्स ने समझी संविधान की मूल भावना |**

**जयपुर।** कंवर नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को हुए संवाद कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को संविधान की प्रस्तावना व संविधान के मूल कर्तव्य के विषय में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. सुमन भाटिया ने बताया कि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन के परिसर में भारत के संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य लिखवाए गए हैं। भारत के संविधान के महत्व को बच्चों और युवाओं तक प्रचारित करने के लिए राज्य सरकार की यह एक अनूठी पहल है। इससे विद्यार्थियों को संविधान के इन दोनों महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी मिल रही है, साथ ही वे इस अभियान का भरपूर प्रचार-प्रसार भी कर पा रहे हैं। देश के सर्वोच्च विधान को आमजन तक पहुंचाने में यह एक सार्थक व सफल प्रयास सिद्ध होगा। इस अवसर पर कॉलेज शिक्षा सहायक निदेशक डॉ. पद्मश्री पटनायक ने उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में बताया। राजनीति विज्ञान विभाग की आचार्य डॉ. नीलम शर्मा ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्श अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पल्लव मित्तल ने विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्दों का महत्व समझाया।



**डाक सेवकों के 30 हजार पदों पर भर्ती |**

**जयपुर।** भारतीय डाक विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और अन्य डाक सर्किल के लिए ग्रामीण डाक सेवक के 30 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। डाक विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 अगस्त है। आवेदक का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 वीं पास होना जरूरी है। साथ ही अपने सर्किल से सम्बन्धित ऑफिशियल भाषा एक विषय के रुप में अध्ययन किया होना अनिवार्य है।

**राजस्थान कॉलेज की ओर से संगोष्ठी में जुटे विशेषज्ञ**

# लोकगीतों को तकनीकी से नहीं, राजनीति से खतरा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकगीतों की स्वर कोकिला और पद्मश्री से सम्मानित गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि मंदिरों से शुरू होकर मंच तक आने की यात्रा में संगीत और नृत्य की लोक कला ने अपने आप को बचाया है, यह उसकी शक्ति का परिचायक है।

भारी तकनीकी युग में भी तकनीक के संपर्क में आने के बावजूद लोक कला ने अपना क्षरण नहीं होने दिया, यह उसकी ताकत का परिणाम है। तकनीक के बहुत से फायदें हैं, लेकिन बहुत सारी चुनौतियां भी हैं, पर भारतीय संगीत अपनी शुद्धता को बचाने में कामयाब हुआ है।

मालिनी अवस्थी गुरुवार को विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय एवं इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 'लोक गीत भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं तकनीकी का प्रभाव' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित संगोष्ठी में पद्मश्री से सम्मानित राजस्थान साहित्य अकादमी के एडवाइजर सी पी देवल ने कहा कि लोकगीतों को तकनीक से नहीं पर राजनीति व अज्ञानता से ज्यादा खतरा है। उन्होंने कहा कि 'लोक' हमारी संस्कृति की आत्मा है जिसे हमने गीतों के माध्यम से संजो रखा है। साथ ही लोकगीत कौन गा रहा है व किस साज से गा रहा है, यह महत्वपूर्ण है।

विशिष्ट अतिथि पद्मश्री से सम्मानित रामदयाल वर्मा ने भी लोकगीतों पर तकनीक के प्रभाव पर विचार रखे। विशेष अतिथि प्रो. आर के सिंघल, प्रो. बंदना कल्ला और प्रो. श्रीनिवास अय्यर ने भी अपने विचार साझा किए



### विदेशों से भी जुड़े कलाकार

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में राजस्थान कॉलेज प्राचार्य प्रो. एस एल शर्मा ने कहा कि यह राजस्थान कॉलेज का सौभाग्य है कि तीन पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों को एक साथ मंच पर इकट्ठा देख पा रहे हैं| प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि लोकगीतों पर आधारित यह अपनी तरह की संभवतया पहली संगोष्ठी है। संगोष्ठी की कन्वीनर डॉ. अंशु वर्मा ने बताया कि लोक गीत में संवेदना का गुण, सबको बराबर समझने का गुण और संपूर्ण प्रकृति का गुण है। यह एक ऐसी विधा है जिसके बिना जीवन का कोई पर्व पूरा नहीं होता। इसलिए इस विषय पर बात करना बहुत आवश्यक था। संगोष्ठी के सचिव डॉ. अमन पाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई कलाकार ऑनलाइन माध्यम से भी हमारे साथ जुड़े। लोकगीतों पर तकनीकी का प्रभाव जांचने वाली यह पहली अपनी तरह की अनोखी संगोष्ठी है।



### शाम को गूंजे लोक गीत

दो तकनीकी सत्रों के पश्चात शाम को एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संगीत संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर जर्नल ऑफ पुलिस विकास कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लोक कलाकारों ने लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। लोक गीतों की सुर लहरियों से माहौल खुशनुमा बन गया। अंत में सभी अतिथियों के धन्यवाद से इस संगोष्ठी के प्रथम दिन का समापन हुआ|



# स्टूडेंट्स को मिला कॅरियर में सफलता का मंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के आरए पोद्दार प्रबंध संस्थान में एमबीए पाठ्यक्रम में नव प्रवेशित स्टूडेंट्स का पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम गुरुवार को शुरू हुआ। पहले दिन प्रोग्राम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राजीव जैन शामिल हुए। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा ने संस्थान के नए स्टूडेंट्स को उनके प्रवेश पर बधाई दी और कठिन परिश्रम व लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया। प्रथम सत्र में एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अमित जैन ने स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट एजुकेशन व कॅरियर में सफलता पाने के लिए जरूरी टिप्स दीं। संस्थान के पूर्व छात्र डॉ. अनुबंध राय ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्टूडेंट्स को प्रोफेशनल लाइफ में सफलता के लिए आवश्यक नॉलेज व स्किल्स डवलप करने की नसीहत दी। डॉ. शिखा नैनावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

द्वितीय सत्र में संगम यूनिवर्सिटी भीलवाड़ा के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने स्टूडेंट्स को वर्तमान समय में कॉर्पोरेट वर्ल्ड के बदलते परिवेश में एमबीए पाठ्यक्रम की उपयोगिता व पढ़ाए जाने वाले सब्जेक्ट्स के साथ ही कॅरियर में सफलता के लिए अन्य आवश्यक एक्टिविटीज पर बात की।

# सीटीईटी 20 अगस्त को

**जयपुर।** सीबीएसई की ओर से सीटीईटी परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित करवाई जाएगी। सीबीएसई की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार परीक्षा के लिए फाइनल एडमिट कार्ड 18 अगस्त को जारी किए जाएंगे। उम्मीदवार ctet.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। सीटीईटी दो शिफ्ट में आयोजित होगा। पहली शिफ्ट सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 27 अप्रैल से शुरू हो गया था। नोटिफिकेशन के मुताबिक यह परीक्षा देश के 73 शहरों में 211 केंद्रों पर होगी। इस बार करीब 32.45 लाख उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। गौरतलब है कि सीटीईटी क्वालिफाई करना केन्द्र सरकार की प्राइमरी और अपर प्राइमरी शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए जरूरी है।

**निरीक्षण** | **आयुष सचिव ने किया एनआईए का दौरा**

# आयुर्वेदिक चिकित्सा में तकनीक का उपयोग अच्छा संकेत

**बेधड़क** | जयपुर

आयुष सचिव नीरज के पवन ने गुरुवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने आयुष सचिव का स्वागत किया। प्रो. शर्मा ने उन्हें संस्थान में चलने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

संस्थान में रोगियों का आयुर्वेद के माध्यम से किए जा रहे सफल इलाज और इसमें काम आ रही आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। आयुष सचिव नीरज कुमार पवन ने एनआईए परिसर में बाल रोग, नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, दंत रोग, मानस रोग, पंचकर्म सहित अन्य विभागों की जानकारी ली। उन्होंने एनआईए के स्तर पर किए जा रहे आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्माण, पेशेंट को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को भी देखा।

आयुर्वेद की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आधुनिक हाईटेक तकनीक के आधार पर दी जा रही शिक्षा का अवलोकन करने के साथ ही संस्था परिसर में स्थित कैंटीन, बालगृह वात्सल्य व गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। आयुष सचिव संस्थान में बीएएमएस के छात्रों को पढ़ाने की आधुनिक तकनीक को देखकर प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में तकनीक का प्रयोग एक बहुत अच्छा संकेत है।





### दूर दराज से आ रहे मरीज

आयुर्वेद के प्रति बढ़ती जागरुकता के चलते एनआईए में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रो. शर्मा ने बताया कि जयपुर और राजस्थान के साथ ही आसपास के राज्यों से भी मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए एनआईए आते हैं। यहां सभी प्रमुख विभागों से जुड़ी चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध हैं। ओपीडी, आईपीडी आदि के माध्यम से रोजाना हजारों मरीजों का इलाज किया जाता है। एनआईए आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में औषधियों का निर्माण भी इन हाउस करता है।

## जरूरी खबर

### पीएम रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण की रखेंगे आधारशिला



**अयोध्या (उप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह अगस्त को अयोध्या के दर्शन नगर और भरत कुंड रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण और उन्नयन कार्य की आधारशिला रखेंगे। फैजाबाद से सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अमृत योजना के तहत रेल मंत्रालय ने दर्शन नगर और भरत कुंड रेलवे स्टेशन के विकास के लिए 20 करोड़ रुपए और 16 करोड़ रुपए जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छह अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अमृत योजना के तहत चयनित लगभग दो दर्जन रेलवे स्टेशनों के नवीनीकरण का शिलान्यास करेंगे, जिनमें दर्शन नगर और भरत कुंड भी शामिल हैं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का 32वां जत्था रवाना



**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा के बीच 1100 से अधिक श्रद्धालुओं का 32वां जत्था अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि एक जुलाई से अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से अब तक 4.3 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार तड़के भगवती नगर शिविर से रवाना हुए 1,198 तीर्थयात्री के जत्थे में 1,023 पुरुष, 116 महिलाएं, 58 साधु और एक बच्चा शामिल हैं। ये सभी 43 वाहनों में बालटाल और पहलगाम के आधार शिविरों के लिए रवाना हुए।

### जनता के लिए 16 से फिर खुलेगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध अमृत उद्यान इस साल दूसरी बार 16 अगस्त से आम जनता के लिए खुलेगा। अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार है कि उद्यान को एक साल में दूसरी बार खोला जा रहा है। उद्यान उत्सव-1 के तहत इस साल 29 जनवरी से 31 मार्च तक अमृत उद्यान खोला गया था और 10 लाख से अधिक लोग उद्यान में आए थे। राष्ट्रपति भवन द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि उद्यान उत्सव-2 के तहत अमृत उद्यान एक महीने (सोमवार को छोड़कर) के लिए 16 अगस्त 2023 से जनता के लिए खुलेगा।

## ज्ञानवापी पर कोर्ट के फैसले पर खुशी



**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज करते हुए ज्ञानवापी मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सर्वे को हरी झंडी दे दी है। इसके बाद खुशी मनाने हुए भक्त। -पीटीआई

### प्रसिद्ध मराठी कवि नामदेव धोंडो का निधन



**पुणे (महाराष्ट्र)।** प्रसिद्ध मराठी कवि और गीतकार नामदेव धोंडो महानोर का गुरुवार सुबह पुणे के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनके पोते शशिकांत महानोर ने बताया कि नामदेव महानोर पिछले कुछ दिन से यहां रुबी हॉल क्लीनिक में भर्ती थे तथा वेंटिलेटर पर थे। वह ना धो महानोर के नाम भी जाने जाते थे। उनका जन्म 1942 में हुआ और उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। वह राज्य विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्होंने 'जगाला प्रेम अर्पावे', 'गंगा वाहू दे निर्मल' और 'दिवेलागणीची वेल' समेत कई मशहूर कविताएं तथा गीत लिखे तथा 'एक होता विदुषक', 'जैत रे जैत', 'सर्जा' तथा अन्य मराठी फिल्मों के लिए गीत भी लिखे। उनके परिवार में दो बेटे तथा तीन बेटियां हैं।

**लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश विधेयक पारित, चर्चा में बोले शाह...**

# 'विपक्ष को लोकतंत्र व जनता की नहीं, गठबंधन की चिंता'

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा ने गुरुवार को विवादास्पद 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023' को मंजूरी दे दी। यह विधेयक दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। निचले सदन में करीब चार घंटे तक चली चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। गृह मंत्री के जवाब के बाद निचले सदन ने इस संबंध में पहले लागू अध्यादेश को अस्वीकार करने के कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों के सांविधिक संकल्प को नामंजूर कर दिया और विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

गृह मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सदन में नौ विधेयक पारित हुए, लेकिन विपक्षी दल इन पर चर्चा में शामिल नहीं हुए। वे सभी विधेयक भी महत्वपूर्ण थे, परंतु विधेयक (दिल्ली सेवा विधेयक) पर सभी (विपक्षी दल) मौजूद हैं क्योंकि सवाल गठबंधन बचाने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत आपके (विपक्ष) दोहरे चरित्र को देख रहा है और देखना भी चाहिए। आपके लिए जनता के विधेयक महत्वपूर्ण नहीं हैं। इनके गठबंधन से एक छोटी सी पार्टी भागकर नहीं चली जाए, इनके लिए इसका बड़ा महत्व है। शाह ने कहा कि इनको (विपक्षी दलों को) न ही लोकतंत्र की चिंता है, ना देश की चिंता है और ना ही जनता की चिंता है, इन लोगों को सिर्फ अपने गठबंधन की चिंता है, इसलिए ये सारे लोग यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह गठबंधन सत्ता के स्वार्थ के लिए बना है।



### डाटा संरक्षण विधेयक लोस में पेश

सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में 'डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक' पेश किया। विधेयक को अध्ययन के लिए संसदीय समिति को भेजे जाने की विपक्षी सदस्यों की मांग के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे सदन में पेश किया। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कुछ सदस्यों की इस धारणा को खारिज कर दिया कि यह एक 'धन विधेयक' है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य विधेयक है। सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और पार्टी सदस्यों मनीष तिवारी एवं शशि थरूर आदि ने विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसमें निजता का अधिकार जुड़ा है और सरकार को जल्दबाजी में यह विधेयक नहीं लाना चाहिए।

### आप सांसद शेष अवधि के लिए लोकसभा से निलंबित

आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के सामने कागज फाड़कर फेंकने के लिए वर्तमान मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निचले सदन में दिल्ली में अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना से जुड़े 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023' के पारित होने के बाद रिंकू के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

### 'संघीय ढांचे से छेड़छाड़ से देश हो जाएगा तबाह'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली में 'समूह-ए' के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के प्रावधान वाले विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह देश के संघीय ढांचे के साथ छेड़छाड़ है और ऐसा किया जाता रहा तो 'हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा'। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के साथ बार-बार छेड़छाड़ कर रही है। दिल्ली हमारा दिल है...इससे बार-बार छेड़छाड़ क्यों की जा रही है? दिल्ली में इस तरह की छेड़छाड़ करेंगे तो आगे दूसरे राज्यों में भी ऐसा करेंगे... संघीय ढांचे के साथ इसी तरह छेड़छाड़ होती रही तो हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा।

### केजरीवाल पर साधा निशाना

अमित शाह ने कहा कि 1993 के बाद दिल्ली में कभी कांग्रेस और कभी भाजपा की सरकार आईं और दोनों में से किसी दल ने दूसरे (विपक्ष) के साथ झगड़ा नहीं किया, लेकिन 2015 में ऐसी सरकार आई जिसका मकसद सेवा करना नहीं, केवल झगड़ा करना है। अरविंद केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वास्तव में इनका मकसद कानून व्यवस्था और स्थानांतरण पर नियंत्रण नहीं, बल्कि विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर 'बंगले' का और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है। शाह ने कहा कि सभी सदस्यों से विनती है कि चुनाव जीतने या किसी विधेयक का समर्थन या विरोध की राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### पंडित नेहरू ने की थी सिफारिश

दिल्ली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि पट्टाभि सीतारमैया समिति ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि जब यह विषय तत्कालीन संविधान सभा के समक्ष आया तब पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (राजगोपालाचारी), डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ भीमराव अंबेडकर ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्ज दिए जाने का विरोध किया था। शाह के अनुसार, पंडित नेहरू ने तब कहा था कि रिपोर्ट आने के दो साल बाद आज दुनिया बदल गई है, भारत बदल गया है, ऐसे में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसे स्वीकार करना वास्तविकता से मुंह मोड़ना होगा। शाह ने विधेयक का विरोध करने वाले कांग्रेस सदस्यों से कहा कि आज वे जिसका विरोध कर रहे हैं, उसकी सिफारिश पंडित नेहरू ने की थी।

### मोदी ही बनेंगे अगली बार प्रधानमंत्री

शाह ने कहा कि नया गठबंधन बनाने के अनेक प्रकार होते हैं, विधेयक और कानून देश के भले के लिए लाए जाते हैं और इसका विरोध या समर्थन भी देश और दिल्ली के भले के लिए करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि मेरी विपक्ष के सदस्यों से अपील है कि आप दिल्ली की सोचिए, गठबंधन की मत सोचिए। क्योंकि गठबंधन होने के बाद भी पूर्ण बहुमत से नरेंद्र मोदी ही अगली बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं।

**पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बोलीं**

## देश को सांप्रदायिक तनाव और बर्बादी से बचाएगा 'इंडिया'

एजेंसी | कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस बात के सबूत हैं कि भाजपा चुनाव जीतने के अपने प्रयासों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक करने की कोशिश कर रही है।

बनर्जी ने राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि इंडिया 2024 का चुनाव जीतेगा और सरकार बनाएगा। इंडिया देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा वे (भाजपा) पहले से ही योजना बना रहे हैं (कि आम चुनाव कैसे जीता जाए)। वे ईवीएम को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं, हमने इस बारे में सुना है व सबूत हासिल किए हैं तथा और अधिक सबूत प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

## यौन उत्पीड़न मामले में 9 अगस्त से होगी बहस

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष तथा भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर तय किए जाने वाले आरोपों पर नौ अगस्त से सुनवाई शुरू करेगी।

सिंह की ओर से पेश अधिवक्ता राजीव मोहन ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल को बताया कि दिल्ली पुलिस की तरफ से प्रदान किए गए आरोप-पत्र समेत अन्य दस्तावेजों का सत्यापन पूरा हो गया है। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने आरोपों पर बहस के लिए 9,10 और 11 अगस्त की तारीख तय की। वकील ने कहा कि उन्होंने विभिन्न दस्तावेजों की बेहतर तस्वीरें/ प्रति मांगी हैं, लेकिन जांच अधिकारी उन्हें इनकी 'सॉफ्ट कॉपी' प्रदान कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान सिंह और सह-आरोपी डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर पेश हुए। न्यायाधीश ने 28 जुलाई को सिंह को उस दिन व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी थी, क्योंकि वह सांसद के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में व्यस्त हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

# क्या सभी के चाहने पर भी अनुच्छेद 370 रद्द करने की कोई व्यवस्था नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को पूछा कि क्या जम्मू कश्मीर के लोगों के चाहने पर भी अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

न्यायालय ने हैरानी जताई कि यदि अब निरस्त किए जा चुके प्रावधान को नहीं छुआ जा सकता तो क्या यह संविधान के मूल ढांचे से परे एक 'नई श्रेणी' बनाने के बराबर नहीं होगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के केंद्र के पांच अगस्त, 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई शुरू की। पीठ ने जानना चाहा कि संविधान सभा की अनुपस्थिति में प्रावधान को कैसे रद्द किया जा सकता है। पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल हैं। पीठ ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मोहम्मद अकबर लोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि केवल दो अत्यधिक बहस योग्य मुद्दे हैं-क्या अनुच्छेद 370 ने जम्मू कश्मीर की संविधान सभा की समाप्ति के साथ स्थायी दर्जा प्राप्त कर लिया और क्या इसे निरस्त करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया वैध थी। सिब्बल ने कहा कि संविधान निर्माताओं और जम्मू कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह के बीच एक समझौता हुआ था, जिन्होंने अपने प्रांत की स्वतंत्रता के पक्ष में पाकिस्तानी घुसपैठियों के कारण होने वाली परेशानी के कारण भारत में विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे।



उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुच्छेद 370 की व्यवस्था की गई और अब इसे निरस्त करने के लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा सकती। जस्टिस कौल ने सिब्बल से कहा, कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और यह स्थिर नहीं है। क्या आप कह सकते हैं कि इसे (अनुच्छेद 370) बदलने की कोई व्यवस्था नहीं है, ऐसे में जब हर कोई इसे बदलना चाहता है? तब आप कह रहे हैं कि इसे बदला नहीं जा सकता, भले ही पूरा कश्मीर ऐसा चाहे।'' जस्टिस कौल के विचारों का समर्थन करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने सिब्बल से पूछा, क्या संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान में संशोधन करने की शक्ति रखते हुए अनुच्छेद 370 को नहीं बदल सकती या निष्प्रभावी नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आप कह रहे हैं कि संविधान का एक प्रावधान है जो संविधान की संशोधन शक्तियों से भी परे है। इसलिए, यदि हम आपकी बात स्वीकार करते हैं, तो हम संविधान की मूल संरचना से अलग एक नयी श्रेणी बनेगी।''

### आठ अगस्त को फिर होगी सुनवाई

शीर्ष अदालत ने 1973 के ऐतिहासिक केशवानंद भारती फैसले में, संविधान के मूल ढांचे का सिद्धांत दिया था और माना था कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद और कानून के शासन जैसी कुछ मूलभूत विशेषताओं को संसद द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है। सिब्बल अपने रुख पर अड़े रहे कि संविधान सभा की अनुपस्थिति में, प्रावधान ने स्थायी दर्जा हासिल कर लिया है और जम्मू कश्मीर का संविधान कहता है कि अनुच्छेद 370 में संशोधन या निरस्तीकरण के लिए कोई भी विधेयक विधानसभा में पेश नहीं किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिर आप संवैधानिक मशीनरी कैसे स्थापित करेंगे? ऐसा नहीं हो सकता है कि चूंकि कोई संविधान सभा नहीं है, इसलिए आप अनुच्छेद 370 को निरस्त करने या संशोधित करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श नहीं कर सकते। मामले में सुनवाई आठ अगस्त को फिर से शुरू होगी।

### 370 को हटाना एक राजनीतिक कृत्य

सिब्बल ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को राजनीतिक कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि राज्य से 370 के प्रावधानों को खत्म करना, कोई संवैधानिक कार्य नहीं था बल्कि संसद ने खुद को संविधान सभा की भूमिका निभाई और अनुच्छेद 370 को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छा का प्रयोग कर रही है। सिब्बल ने कहा कि सवाल ये उठता है कि क्या ऐसी शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि प्रावधान को निरस्त करना एक राजनीतिक प्रक्रिया है लेकिन इसे संवैधानिक योजना के तहत फिट होना चाहिए।

## एक्सपर्ट निर्मला सेवानी ने मिस राजस्थान की फाइनलिस्ट को कराया मेडिटेशन

# 'खूबसूरती' को एकाग्रता की टिप्स



**बेधड़क | जयपुर**

ब्यूटी पेजेंट में भी एकाग्रकता कितनी जरूरी है, यह जब मिस राजस्थान की फाइनलिस्ट को बताया गया तो वे रोमांचित हो गईं।

मौका था फ्यूजन ग्रुप द्वारा व संडे होटल के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान के फिनाले की शुरुआत का। इसमें मेडिटेशन एक्सपर्ट निर्मला सेवानी ने फाइनलिस्ट को मेडिटेशन करा कर मेडिटेशन की जानकारी दी।

### मन शांत रखने के लिए कार्यशाला

साथ ही मन को कैसे और किस प्रकार से शांत रखा जाए के बारे में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सेवानी ने बताया कि किसी भी प्रकार के डिप्रेशन व एंजायटी में आ जाए तो उस विषम परिस्थिति से किस तरीके से निकला जा सकता है। इस पर चीजों के मंतव्य पर गर्ल्स को मोटिवेट करती हूं।



### 7 दिन की दी जाएगी ग्रूमिंग ट्रेनिंग

आयोजक योगेश और निमिषा मिश्रा ने बताया कि सात दिन की ग्रूमिंग में नेशनल व इंटरनेशनल लेवल के एक्सपर्ट अलग-अलग ग्रूमिंग सेशंस से फाइनलिस्ट को ग्रूम करेंगे। 1 महीने की ग्रूमिंग ट्रेनिंग दी जाती है। फिनाले वीक में सभी गर्ल्स जयपुर आकर रहती हैं और 7 दिन की एक्टिविटी में ग्रूमिंग, ट्रेनिंग, सेशन व सबटाइटल इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा। ग्रैंड फिनाले बीएम बिरला ऑडिटोरियम में 6 अगस्त को आयोजित होगा।

## कल्याण कॉलोनी में सीसी सड़क का किया लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 137 कल्याण कॉलोनी में सीसी सड़क का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मधुबन कॉलोनी एम ब्लॉक में सीसी सड़क का फीता काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद दिनेश गौड़ ने बताया कि सराफ के द्वारा अनुशंसित कल्याण नगर कॉलोनी की सीसी सड़क पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनवाई जा रही है। नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोटे से मधुबन कॉलोनी एम ब्लॉक की सीसी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है, जिसका फीता काटकर सराफ ने लोकार्पण किया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा बंधाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, रजत परनामी, अरुण खंडेलवाल, विजय सैनी, बोधीलाल कुमावत, लव पालीवाल, सुरेंद्र चौधरी, प्रकाश खंडेलवाल एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आज से तीन दिन तक लगेगा टूरिज्म फेयर

**बेधड़क. जयपुर।** देश की विभिन्न टूरिज्म डेस्टिनेशंस के बारे में आमजन को जानकारी देने और पर्यटन विकास में सहयोगी संस्थाओं को एक छत तले लाने के उद्देश्य से बिड़ला ऑडिटोरियम में शुक्रवार से तीन दिवसीय टूरिज्म फेयर की शुरुआत होगी। ब्लू आई इंडिया की ओर से होने वाले फेयर में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय सहित देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभागों के अलावा टूर और ट्रैवल सेक्टर से जुड़ी संस्थाओं एआईटीओ, एडीटीओआई, एफआरटीओ, आरएटीओ आदि व निजी कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। ब्लू आई इंडिया के डायरेक्टर सुब्रता भौमिक ने बताया कि 3 दिन सुबह 11 से शाम 7 बजे तक चलने वाले फेयर में दीपावली के मद्देनजर हॉली-डे, डोमेस्टिक और इंटरनेशनल ट्रैवल प्लान्स पर विजिटर्स को जानकारी दी जाएगी। वहीं भारत सरकार के इंक्रेडेबल इंडिया कैंपैन के तहत कई नई टूरिज्म डेस्टिनेशन के बारे में ट्रैवल एक्सपर्ट्स जानकारी साझा करेंगे। फेयर से देश की टूरिस्ट लोकेशंस, फैसिलिटीज और कल्चरल एक्सचेंज पर चर्चा होगी।

## City इवेंट्स

### मनोज यादव बने राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष



**बेधड़क, जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में संविदा पर नियुक्त समस्त संविदा-निविदा नर्सेज की बैठक गई। इसमें सर्वसम्मति से मनोज यादव को राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही नूर प्रवीन को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, रोशन चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष, नवीन नैनिवाल को प्रदेश सचिव और पूजा बैरवा को महिला मंत्री नियुक्त किया गया। यादव ने बताया कि संविदा, निविदा, प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत नर्सेज के हक व संविदा नर्सेज की लंबित मांगों के लिए संगठन का गठन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य संविदा-निविदा पर लगे नर्सेज का मानदेय जो वर्तमान में 7900 है को बढ़ाकर 37800 करवाना व नियमितीकरण के लिए सरकार से प्रयास करना है।

### बाघोदय में आज राजस्थानी में टाइगर एंथम होगा लॉन्च

**बेधड़क, जयपुर।** वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई) और सरिस्का टाइगर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 'बाघोदय' का आयोजन होगा। मिनी ऑडिटोरियम-2 में होने वाले कार्यक्रम में पर्यावरण व बाघ संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हस्तियां बाघों के संरक्षण और संख्या में वृद्धि के नए उपायों पर विचार विमर्श करेंगे। संरक्षणवादी और आइयूसीएन के वाइल्डर्नेस स्पेशलिटी ग्रुप के अध्यक्ष और वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस के वैश्विक अध्यक्ष वेंस जी. मार्टिन, प्रतिष्ठित वन्यजीव फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्ला मुथु, टाइगर एंथम म्यूजिक कंपोजर शांतनु मोइत्रा, राजस्थान के पूर्व वन व पर्यावरण मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर नाम शामिल हैं। पहली बार गुलाबी नगरी में बाघ संरक्षण से जुड़ी इतनी शख्सियत एक मंच पर होंगी। डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई चैयरमेन और एसटीएफ अध्यक्ष सुनील मेहता ने बताया कि नेशनल टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने और सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ाने की पहल के 15 साल पूरे करने पर यह आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुब्बैया नल्ला मुथु और शांतनु मोइत्रा द्वारा निर्मित बाघ एंथम का राजस्थानी वर्जन लॉन्च किया जाएगा। वेंस जी मार्टिन की ओर से बाघ संरक्षण नीति से जुड़ी प्रजेंटेशन दी जाएगी। बच्चे कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बाघ संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## नेशनल हैण्डलूम वीक की हुई शुरुआत

# संस्कृति, विरासत-इतिहास का क्रिएशन आया गुलाबी मंच पर



**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य के हैण्डलूम उत्पाद यहां की संस्कृति, विरासत और इतिहास को दर्शाते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भी हथकरघा व खादी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस से नेशनल हैण्डलूम वीक-2023 का उद्घाटन कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र के उत्पादों और उनसे जुड़े दस्तकारों के उत्थान के लिए राजस्थान की प्रथम हस्तशिल्प नीति-2022 जारी की गई है। इससे हस्तशिल्पियों और बुनकरों के उत्थान के लिए बेहतर मार्केटिंग, परम्परागत और विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करने, उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने, हस्तशिल्पियों और बुनकरों की राज्य के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करना संभव होगा। उद्योग व वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना के तहत महिलाओं, कामगार, हस्तशिल्पी, केश कला, माटी कला के दस्तकार और घुमन्तु वर्ग के 1 लाख युवाओं को रोजगार के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग वीनू गुप्ता ने बताया कि समारोह में प्रथम पुरस्कार नागौर के टांकला की बंसती, द्वितीय कैथून कोटा की शबनम, तृतीय जैसलमेर के थाट के प्रेमचन्द्र को व सांत्वना जैसलमेर के गोमट के चन्द्राराम तथा जालौर जिले के चितलवाना के दुर्गाराम को दिया गया।

## प्रतिभा सम्मान, हौसलों को सलाम सीजन-2 कल

# विद्यार्थियों, सामाजिक हस्तियों को किया जाएगा सम्मानित



**बेधड़क | जयपुर**

नवतेज फाउंडेशन की ओर से 5 अगस्त को विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में राजस्थान होनहार प्रतिभा सम्मान 2023, हौसलों को सलाम सीजन-2 आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से सामाजिक सरोकारों के तहत प्रदेश के उन मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही समाज में बहुमूल्य योगदान देने वाली सामाजिक हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

फाउंडेशन की नेशनल कन्वीनर मधु धाकड़ ने कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर रोहित तिवारी, फाउंडेशन के नेशनल कॉर्डिनेटर विष्णु दत्ता और इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर और गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया सिंह और संदीप कुमार मौजूद रहे। रोहित तिवारी ने कहा कि समारोह में मिशन मुस्कान के तहत वीडियो लॉन्चिंग सेरेमनी भी होगी। इसी कड़ी में वेदांग गुरुकुलम की स्थापना की जाएगी। इसमें विद्यार्थी, आधुनिक तकनीक और वैदिक संस्कृति के समायोजन से एक आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा कर सकेगा।

फाउंडेशन के नेशनल कॉर्डिनेटर विष्णु दत्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सॉल्विन (आस्क टू बी हैप्पी) नामक मोबाइल ऐप्लिकेशन को भी लॉन्च किया जाएगा। बॉडी बिल्डर और गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया सिंह ने नवतेज फाउंडेशन के सामाजिक सरोकारों की प्रशंसा करते हुए सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

**अंगदान दिवस** | कानोड़िया महिला महाविद्यालय में खेला गया नाटक

# 150 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया अंगदान का संकल्प

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर शुभ विचार संस्था जयपुर द्वारा कानोडिया महिला महाविद्यालय जयपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के लिये अंगदान जागरूकता कार्यक्रम एवम अंगदान नाटक का मंचन आयोजित किया गया। जिसके द्वारा अंगदान का संदेश दिया गया।

नाटक में सुनीता और सविता कॉलेज से घर आकर बड़ी बहन अनिता और गीता को बताती हैं कि 'दीदी आज हमारे कॉलेज में शुभविचार संस्था वाले अंगदान जागरूकता का कार्यक्रम करने आये थे, जिसमें उन्होंने अंगदान का महत्व बताया। हमने भी अंगदान का संकल्प लिया है।

यह सुनकर अनिता दोनों पर नाराज होती है और कहती है कि ऐसा करने से पहले उन्हें पापा से पूछना चाहिए था। तब अनिता उन्हें अपने नेत्रहीन मामा के उदाहरण से उन्हें समझाती हैं कि किस तरह से पड़ोसी अंकल की मौत पर कैसे उनकी आंखों से उन्हें रोशनी मिली। यह सुन सुनीता और अनिता अंगदान का संकल्प लेने को तैयार हो जाती हैं।



### कॉलेज छात्राओं ने निभाई नाटक में भूमिकाएं

नाटक की परिकल्पना और निर्देशन जितेन्द्र शर्मा का था। नाटक में महाविद्यालय की छात्राओं ने सारे किरदार निभाए। नाटक के पूर्व में जागरूकता अभियान में एसएमएस हॉस्पिटल की अंगदान कार्यक्रम की प्रमुख डॉक्टर चित्रा सिंह ने स्वयंसेवकों को अंगदान का महत्व और पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया। इस दौरान छात्राओं ने डॉक्टर सिंह से रोचक प्रश्न भी पूछे। एनएसएस समन्वयक डॉक्टर आंचल पुरी, डॉक्टर लक्ष्मी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन कानोड़िया महिला महाविद्यालय में हुआ।

जयपुर में आयोजित हुए मेरे शो 'Vision with Vinayak' को भव्य बनाने और इतना प्यार देने के लिए तहे दिल से शुक्रिया 🙏

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## रूसी गोलाबारी: यूक्रेन के खेरसॉन शहर का ऐतिहासिक चर्च ध्वस्त

# साल 1781 में बना था यह गिरजाघर



**एजेंसी** | कीव

रूसी गोलाबारी में गुरुवार को यूक्रेन के खेरसॉन शहर स्थित एक ऐतिहासिक चर्च ध्वस्त हो गया, जिसमें कभी 18वीं शताब्दी के उस मशहूर कमांडर के अंतिम अवशेष दफनाए गए थे, जिसने आधुनिक यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों पर रूसी नियंत्रण स्थापित किया और क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया। यूक्रेन की आपात सेवा की ओर से कहा गया कि दूसरे दौर की गोलाबारी के दौरान उसके चार कर्मचारी घायल हो गए, जो 'सेंट कैथरीन्स कैथेड्रल' में लगी आग बुझाने में शामिल थे।

जनरल प्रोसेक्यूटर के कार्यालन की ओर से कहा गया कि पहले दौर की गोलाबारी के दौरान चार अन्य लोग घायल हुए थे, जिसने एक ट्रॉलीबस को भी निशाना बनाया था। ओडेसा में पिछले सप्ताह मिसाइल हमले में एक लोकप्रिय ऑर्थोडॉक्स कैथेड्रल को हुई गंभीर क्षति के बाद यह गोलाबारी की गई। इस गोलाबारी ने देश के सांस्कृतिक स्मारकों पर युद्ध के खतरे को रेखांकित किया है।

### यूरोप की प्रसिद्ध इमारतों में से एक

वर्ष 1781 में निर्मित खेरसॉन चर्च यूरोप की सबसे प्रसिद्ध इमारतों में से एक है। यह कभी रूसी महारानी 'कैथरीन द ग्रेट' के पसंदीदा प्रिंस ग्रिगोरी पोटेमकिन की कब्रगाह थी। पोटेमकिन ने 1784 में क्रीमिया पर कब्जे की योजना बनाई थी, लेकिन इस शहर पर रूसी कब्जे के दौरान उनके अंतिम अवशेष पिछले साल हटा दिए गए थे। यूक्रेन के जवाबी हमले के कारण रूसी सेनाएं पिछले साल नवंबर में खेरसॉन से लौटने को मजबूर हो गईं।



### दक्षिण में शहर बना युद्ध का मोर्चा

यूक्रेन के कब्जे के साथ खेरसॉन तुरंत दक्षिण में युद्ध का अग्रिम मोर्चा बन गया और इसे रूस की ओर से तोप और ड्रोन के जरिए किए जा रहे घातक हमले का सामना करना पड़ रहा है। करीब नौ महीने तक रूसी कब्जे में रहे खेरसॉन पर यूक्रेनी सेना ने पिछले साल नवंबर में दोबारा अपना कब्जा जमा लिया था और यह क्रेमलिन के लिए एक शर्मनाक पराजय थी। उधर, यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने कीव क्षेत्र पर 15 शाहिद ड्रोन से हमले किए, लेकिन सभी (ड्रोन) को मार गिराया गया।

## चीन के विरुद्ध ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सैन्य अभ्यास

# भारत ने किया किनारा

**एजेंसी** | केनबरा

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ते रणनीतिक संबंधों के बावजूद टैलिसमैन सेबर युद्ध अभ्यास से किनारा कर लिया है। यह ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यासों में से एक है।

दो साल में एक बार होने वाले इस सैन्य अभ्यास में मित्र देशों की सेनाओं को भी शामिल किया जाता है। इस साल ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री पीटर डटन ने खुद भारत को टैलिसमैन सेबर युद्ध अभ्यास में शामिल होने का न्योता दिया था। इसके बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के नेतृत्व में होने वाले इस सैन्य अभ्यास से दूरी बनाकर रखी है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि प्रशांत महासागर में चीन की आक्रामकता को रोकने में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का साथ देने वाले भारत ने आखिर इस युद्धाभ्यास में दूरी क्यों बनाई है। वैसे, भारत और चीन की सेनाएं एक दूसरे के सामने खड़ी हैं। दोनों के द्विपक्षीय संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर बने हुए हैं।



### चीन के कारण शामिल नहीं हुआ भारत!

विशेषज्ञों का दावा है कि भारत ने चीन के कारण टैलिसमैन सेबर युद्ध अभ्यास से किनारा किया है। इस सैन्य अभ्यास में भारत की भागीदारी से चीन परेशान हो सकता है और नई दिल्ली 9-10 सितंबर के जी20 शिखर सम्मेलन से पहले ऐसा नहीं चाहता। यही कारण है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के नेतृत्व में होने वाले इस सैन्य अभ्यास से दूरी बनाकर रखी है। भारत अगले महीने पहली बार जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इसमें अमेरिका, चीन और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के शामिल होने की उम्मीद है।

### कौन-कौन से देश अभ्यास में शामिल

इस साल टैलिसमैन सेबर अभ्यास में 30,000 सैन्य कर्मी हिस्सा ले रहे हैं। यह युद्धाभ्यास मुख्य रूप से क्वींसलैंड, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी क्षेत्र और न्यू साउथ वेल्स में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इस सैन्य अभ्यास में अमेरिका के अलावा, कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, न्यूज़ीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कोरिया, टोंगा और यूके की सेनाएं इस अभ्यास में भाग ले रही हैं। वहीं, भारत, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड को पर्यवेक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

## कनाडा: शादी के 18 साल गुजरे, सार्थक बातचीत के बाद लिया फैसला

# पीएम ट्रूडो व उनकी पत्नी सोफी हुए अलग

**एजेंसी** | टोरंटो

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो और उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे ट्रूडो ने शादी के 18 साल बाद अलग होने की बुधवार को घोषणा की। दोनों ने इंस्टाग्राम पर बयान पोस्ट कर कहा कि उन्होंने 'कई सार्थक और कठिन बातचीत' के बाद यह निर्णय लिया। पीएमओ से जारी बयान में कहा गया कि दोनों ने अलग होने के लिए कानूनी समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

कनाडा के सबसे प्रसिद्ध राजनेताओं में से एक 51 वर्षीय ट्रूडो ने 2015 में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। सोफी ट्रुडो एक पूर्व मॉडल और टीवी प्रस्तोता हैं। दोनों ने 2005 में शादी रचाई थी। उनके तीन बच्चे 15 वर्षीय जेवियर, 14 वर्षीय एला-ग्रेस और नौ वर्षीय हैड्रियन हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर कहा, 'हमेशा की तरह हम एक-दूसरे के प्रति गहरे प्यार और सम्मान के साथ एक परिवार के रूप में रहेंगे और हमने जो कुछ भी मिलकर बनाया है, उसे बनाना जारी रखेंगे।' प्रधानमंत्री के कार्यालय ने उनकी गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। पद पर रहते हुए पत्नी से अलग होने की घोषणा करने वाले ट्रूडो दूसरे प्रधानमंत्री हैं। उनके पिता पियरे ट्रूडो 1979 में अपनी पत्नी मार्गरेट से अलग हो गए थे और 1984 में दोनों का तलाक हो गया था। उस समय पियरे ट्रूडो पीएम पद पर थे।

## मेक्सिको: ट्रेन व बस की टक्कर, 7 लोगों की मौत

एल मार्केस (मेक्सिको)। मेक्सिको में क्वेरेटारो राज्य के एल मार्केस कस्बे में बुधवार तड़के एक ट्रेन के एक छोटी यात्री बस से टकरा जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एल मार्केस टाउनशिप के नागरिक सुरक्षा प्रमुख एलेजांद्रो वाजक्वेज मेलाडो ने बताया कि 17 घायलों में से कई की हालत गंभीर है। क्वेरेटारो राज्य के गृह सचिव ने बताया कि हादसे में सात लोगों की मौत हो गई।

## चीन: बच्चों के स्मार्टफोन के उपयोग पर नकेल!

# इस्तेमाल के 2 घंटे होंगे निर्धारित

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन की इंटरनेट निगरानी संस्था ने बच्चों के ज्यादा समय तक स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर अंकुश लगाने के लिए नियम प्रस्तावित किए हैं।



चीन के साइबर स्पेस प्रशासन (सीएसी) ने इस संबंध में बुधवार को अपनी साइट पर मसौदा दिशा-निर्देश भी प्रकाशित कर दिए हैं। संस्था के इस कदम से सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन गेम चलाने वाली टेनसेंट और बाइटडांस जैसी कंपनियों को झटका लगा है। नाबालिगों को रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक मोबाइल पर इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जबकि 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर-किशोरी दिन में केवल दो घंटे ही इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसी तरह आठ से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को दिन में केवल एक घंटे ही स्मार्टफोन इस्तेमाल करने की अनुमति होगी।

आठ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को केवल 40 मिनट की अनुमति दी जाएगी। नाबालिगों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उपयुक्त समझे जाने वाले एप और मंच जैसी कुछ ही सेवाओं को इसमें छूट रहेगी।

## मिला सबसे भारी जीव का जीवाश्म

# 30 हाथी... 3 डायनासोर जितना वजन

**एजेंसी** | लीमा

पेरू में खोजी गई एक विशाल प्राचीन व्हेल रिकॉर्ड में दर्ज सबसे भारी जानवर हो सकती है। विलुप्त हो चुकी पेरुसेटस कोलोसस व्हेल का अनुमानित वजन 85 से 340 टन था। यह ब्लू व्हेल के बराबर या उससे अधिक भारी थी, जिसे अब तक निर्विवाद रूप से अब तक 'सबसे बड़े शरीर द्रव्यमान' वाला जानवर माना जाता है।

नेचर जर्नल में बुधवार को प्रकाशित अध्ययन के पहले लेखक जियोवानी बियानुची ने कहा, 'पेरुसेटस के इतने भारी कंकाल के द्रव्यमान से पता चलता है कि विकास ऐसे जीवों को पैदा कर सकता है जो हमारी कल्पना से परे हैं।'



### दो ब्लू व्हेल जितना भार

बियानुची ने बताया, 'पेरुसेटस का वजन लगभग दो ब्लू व्हेल, तीन अर्जेंटीनोसॉर (एक विशाल सॉरोपॉड डायनासोर), 30 से अधिक अफ्रीकी जंगली हाथी और 5,000 से अधिक लोगों के बराबर था।' वह इटली में यूनिवर्सिटी ऑफ पीसा के डिपार्टमेंट ऑफ अर्थ साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। पेरुसेटस संभवतः अपने भारी भरकम वजन और अनोखे स्विमिंग स्टाइल के कारण धीरे-धीरे तैरता था। हड्डियां 'बेहद सघन' थीं। कंकाल का इस तरह का भारीपन किसी भी जीवित सिटेसियन में नहीं पाया जाता है।

### आंशिक कंकाल 17 से 20 मीटर लंबा

पेरुसेटस का आंशिक कंकाल, जिसमें 13 कशेरुक, चार पसलियां और एक कूल्हे की हड्डी शामिल है, 17 से 20 मीटर (55.8 से 65.6 फीट) लंबा है। जीवाश्म का सैंपल 25 मीटर लंबा (82 फुट लंबा), ब्लू व्हेल से छोटा है, लेकिन इसके कंकाल का द्रव्यमान अभी भी संभावित रूप से इस प्रजाति के किसी भी ज्ञात स्तनपायी से अधिक है। पेरुसेटस का वजन संभवतः ब्लू व्हेल से दो से तीन गुना अधिक था, जिसका वजन आज अधिकतम 149.6 मीट्रिक टन है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl